Follow us
Buland Bharat
YouTube
Contact & Whatsapp
9319521411, 9454428221
www.bulanbharatlivetv.com

हिन्दी दैनिक
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, बिहार में प्रसारित हिंदी समाचार पत्र

# बुलन्द भारत

E-Mail-bulandbharatdaily@gmail.com
बरेली व सहारनपुर से एक साथ प्रसाशित

वर्ष 01 अंक- 01 | बरेली, मंगलवार 10 जुलाई, 2021 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपये | E-Mail-bulandbharatdaily@gmail.com

## न्यूज डायरी

### असम के सीएम बिस्वा सरमा ने पीएम मोदी से मुलाकात की, राज्य से जुड़े विभिन्नों मुद्दों पर चर्चा की



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनके साथ राज्य से जुड़े विभिन्नों मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान सरमा ने प्रधानमंत्री को असम में शुरू किए जा रहे विकास कार्यों और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ की गई कार्रवाई से अवगत कराया। सरमा ने ट्वीट किया- आज मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अवगत कराया कि किस तरह हमारी सरकार उनकी कल्पना के अनुरूप असम की विकास यात्रा को गति देने के लिए कार्य कर रही है। उन्हें बोडो शांति प्रक्रिया, मादक पदार्थों के खिलाफ हमारी जंग और विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी से भी मुलाकात की और इस दौरान असम के कई भाजपा सांसद भी मौजूद रहे।

### जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में ग्राम प्रमुख और उनकी पत्नी की आतंकी हमले में मौत, बीजेपी के भी थे सदस्य

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में आतंकी हमले में एक ग्राम प्रधान और उनकी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। ग्राम प्रधान बीजेपी के सदस्य थे। जानकारी के अनुसार, कुलगाम के बीजेपी किसान मोर्चा के जिला प्रमुख गुलाम रसूल दर और उनकी पत्नी की दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में आतंकी हमले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। कुलगाम के रेदवानी के निवासी रसूल सरपंच थे और भारतय जनता पार्टी से जुड़े हुए थे। उन्होंने पिछले साल डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट काउंसिल का चुनाव भी लड़ा था लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बीजेपी ने इस घटना की आलोचना करते हुए इस बर्बरतापूर्ण करार दिया है।

### टिफिन बम की बरामदगी के बाद पंजाब में हाई अलर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब में एक टिफिन में इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के अलावा पांच हैंड ग्रेनेड और कारतूस की बरामदगी के बाद हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। स्वतंत्रता दिवस से पहले भारत-पाकिस्तान सीमा के पास अमृतसर से इस जखीरे के बरामद होने के बाद पंजाब के पुलिस महानिदेशक दिनकर गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में ड्रोन गतिविधि के संबंध में इनपुट के बाद, बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। तलाशी अभियान के दौरान, पुलिस टीम ने एक डबल डेकर बच्चों के लंच बॉक्स और अन्य गोला-बारूद को नरम फोम पाउच में बहुत सावधानी से पैक किया गया एक बैग बरामद किया। डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि बैग को एक ड्रोन के माध्यम से गिराया गया था, जो भारत में सीमा पार कर गया था। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है और लोगों को हर समय सतर्क रहने के लिए आगाह किया है। संदेश जारी किया गया है कि ट्रेनों, बसों या रेस्तरां सहित कहीं भी संदिग्ध या लावारिस पड़ी कोई भी वस्तु मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा, लोग 112 या 181 हेल्पलाइन नंबरों पर पुलिस को सूचित कर सकते हैं।

# यूएनएससी की बैठक में पीएम मोदी ने समुद्री सुरक्षा के लिए दुनियां को बताए पांच सिद्धांत, बोले- यह हमारी साझा धरोहर

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत बतौर अध्यक्ष पहली बार अगुवाई कर रहा है और इस अवसर पर भारत की ओर से पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक की अगवानी की और देश को गर्व करने का मौका दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समुद्र को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा बताते हुए आज कहा कि हमारी इस साझी धरोहर के वातावरण एवं संसाधनों की रक्षा करना हम सबके भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में समुद्री सुरक्षा पर एक उच्च स्तरीय खुली बहस की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर मोदी ने कहा, ''समंदर हमारी साझा धरोहर है, हमारे समुद्री रास्ते इंटरनेशनल ट्रेड की लाइफलाइन है और सबसे



बड़ बात ये है कि समंदर हमारे ग्रह के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।''

प्रधानमंत्री ने सिंधुघाटी सभ्यता में लोथल बंदरगाह से होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कारोबार और मानवता के विकास के उदारण रखते हुए विश्व समुदाय के समक्ष समुद्री सुरक्षा के पांच मूल सिद्धांत साझा किये। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को वैधानिक समुद्री कारोबार से सभी प्रकार की बाधाओं को हटाना चाहिए। क्योंकि हम सभी की समृद्धि समुद्री व्यापार की सक्रिय गति पर निर्भर है। इसमें आई अड़चनें पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती हो सकती हैं।

मोदी ने कहा कि समुद्री विवादों का समाधान शांतिपूर्ण और अंतर्राष्ट्रीय कानून के आधार पर ही होना चाहिए। आपसी भरोसे और विश्वास के लिए यह अति आवश्यक है। इसी माध्यम से हम वैश्विक शान्ति और स्थिरता सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने हिन्द महासागर क्षेत्र में सबके लिए सुरक्षा एवं प्रगति के सागर सिद्धांत को भी साझा किया।

उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक आपदाओं और शासनेत्तर ताकतों द्वारा पैदा किए गए समुद्री खतरों का मिल कर सामना करना चाहिए। इस विषय पर क्षेत्रीय सहयोग बढ़ने के लिए भारत ने कई कदम लिए हैं। उन्होंने चौथे एवं अंतिम सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें समुद्री वातावरण और समुद्री संसाधनों को संजो कर रखना होगा। जैसा कि हम जानते हैं, महासागरों का जलवायु पर सीधा प्रभाव पड़ता है। इसलिए, हमें अपने समुद्री वातावरण को प्लास्टिक और तेल के रिसाव जैसे प्रदूषणों से मुक्त रखना होगा।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वर्ष 202।22 के लिए भारत को अस्थायी सदस्य चुना गया है। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता हर माह बदलती है। इस बार अगस्त माह में भारत को अध्यक्षता मिली है। इस माह भारत समुद्री सुरक्षा, शांतिरक्षक अभियानों और आतंकवाद से मुकाबले के तीन प्रमुख क्षेत्रों में परिचर्चाओं का आयोजन कर रहा है।

इसी क्रम में 'समुद्री सुरक्षा का विस्तार- अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का मुद्दा' शीर्षक से इस परिचर्चा में प्रधानमंत्री ने अध्यक्षता की। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की किसी बैठक की अध्यक्षता की है। अन्य दोनों विषयों -शांतिरक्षक अभियान तथा आतंकवाद से मुकाबला, पर परिचर्चाओं में विदेश मंत्री एस जयशंकर स्वयं न्यूयॉर्क जाकर वहां बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

## अनंतनाग में आतंकवादियों ने भाजपा नेता और उनकी पत्नी की हत्या की, रविंद्र रैना बोले- इसकी सख्त सजा मिलेगी





**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकवादियों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े एक सरपंच और उनकी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। जिसके लेकर बीजेपी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जम्मू में भाजपा नेता रविंद्र रैना ने कहा कि पाकिस्तान के कायर आतंकियों ने कुलगाम में भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष गुलाम रसूल डार और उनकी पत्नी की हत्या कर दी। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उनके कातिलों को इसकी सख़्त सज़ा मिलेगी।

गौरतलब है कि एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग में सरपंच और भाजपा किसान मोर्चा की कुलगाम जिला इकाई के अध्यक्ष गुलाम रसूल डार तथा उनकी पत्नी पर गोलियां बरसाईं। अधिकारी ने बताया कि दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। कुलगाम के रेडवानी के निवासी डार भाजपा से संबद्ध सरपंच थे। उन्होंने पिछले साल जिला विकास परिषद् का चुनाव भी लड़ा था, लेकिन हार गए थे। डार इस समय अनंतनाग में किराये के मकान में रह रहे थे।

## राहुल का मोदी सरकार पर हमला, कहा- खिलाड़ियों को फोन बहुत हुआ, अब इनाम दिया जाए




नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि ओलंपिक विजेता खिलाड़ियों को फोन कॉल का वीडियो बहुत हो गया, अब खिलाड़ियों को पुरस्कार देने का समय है।

उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि खिलाड़ियों को बधाई के साथ-साथ उनका हक़ भी मिलना चाहिए, ना कि खेल बजट में कटौती। फ़ोन कॉल का वीडियो बहुत हुआ, अब इनाम की राशि भी दो!। कांग्रेस नेता ने कुछ खबरों का स्क्रीन शॉट भी साझा किया, जिनमें कहा गया है कि हरियाणा में अतीत में कई ओलंपिक विजेताओं के लिए इनाम की घोषणा की गई, लेकिन उन्हें दिया नहीं गया।

इससे पहले राहुल गांधी ने पेगासस जासूसी मामला और बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और दावा किया था कि केंद्र में हम दो, हमारे दो की सरकार के रहते देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी जी ने सिर्फ मेरे फोन के अंदर नहीं, बल्कि हिंदुस्तान के हर युवा के फोन के अंदर पेगासस का आइडिया डाला है। यह आइडिया आवाज दबाने का है। युवा कांग्रेस का काम युवा की आवाज उठाने का है। हम युवाओं की आवाज को दबने नहीं देंगे। उन्होंने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि जो हम दो हमारे दो की सरकार से दुखी हैं उनकी आवाज आप तेजी से उठाओ। राहुल गांधी ने दावा किया, ''युवाओं को रोजगार नहीं मिलने का एक ही कारण है कि मोदी सरकार असंगठित क्षेत्र को खत्म करती जा रही है।

# पैगसस मामला : रक्षा मंत्रालय ने संसद में कहा- एनएसओ समूह से कोई लेनदेन नहीं हुआ



**नई दिल्ली।** जिस पैगसस मामले पर विपक्ष ने पूरे मानसून सत्र के दौरान संसद को चलने नहीं दिया है और आरोप लगाया कि सरकार पैगसस के जरिए लोगों के फोन में जासूसी कर रही है उसको लेकर सरकार की तरफ से संसद में बड़ा बयान दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने राज्यसभा में लिखित जवाब में कहा कि मंत्रालय का एनएसओ ग्रुप टेक्नोलोजी से कोई लेनदेन नहीं हुआ है। एनएसओ ग्रुप के पास ही जासूसी के सॉफ्टवेयर पैगसस का स्वामित्व है।

बता दें, इस विवाद की वजह से संसद के मॉनसून सत्र में काफी हंगामा मचा हुआ है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की जांच में सामने आया था कि इजरायली स्पाईवेयर पेगासुस का इस्तेमाल करते हुए भारत में कई लोगों को संभावित निशाना बनाया गया था। इनमें विपक्षी नेता, केंद्रीय मंत्री, भारतीय पत्रकार और अन्य लोग शामिल थे। हंगामे के कारण सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल दोनों नहीं हो सके। इससे पहले, सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही आरंभ हुई सभापति एम वेंकैया नायडू ने भारत छोड़ो आंदोलन की 79वीं वर्षगांठ पर आजादी के आंदोलन के शहीदों को याद किया और पूरे सदन ने उन्हें कुछ क्षणों का मौन रख श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभापति ने तोक्यो ओलंपिक में भारत के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ओलंपिक खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## ओबीसी आरक्षण पर दांव- लोकसभा से पास हुआ संविधान संशोधन बिल, विपक्ष का भी मिला साथ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने लोकसभा में संविधान (127वां संशोधन) विधेयक, 2021 पेश किया, जिसके बाद सर्वसम्मति से बिल पास हो गया। विपक्षी पार्टियों ने भी इस विधेयक का समर्थन किया है। ये बिल राज्य सरकारों को ओबीसी लिस्ट तैयार करने का अधिकार देगा। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में केंद्रीय कैबिनेट ने इसपर मुहर लगाई थी। इस संशोधन की मांग कई क्षेत्रीय दलों के साथ-साथ सत्ताधारी पार्टी के ओबीसी नेताओं ने भी की है।

सुप्रीम कोर्ट की दखल के बाद यह बिल संसद में पेश किया जाएगा। मई में सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि केवल केंद्र को ये अधिकार है कि वह ओबीसी समुदाय से जुड़ी लिस्ट तैयार कर सके। हालांकि, केंद्र और राज्य सरकार द्वारा इसपर आपत्ति जाहिर की गई थी, इसी के बाद अब केंद्र सरकार संविधान संशोधन बिल लाकर इसे कानूनी रूप देना चाहती है। केंद्र सरकार आज ओबीसी आरक्षण से जुड़ा अहम बिल लोकसभा में पेश करने वाली है। इस बिल के पास हो जाने के बाद राज्यों को अपनी ओबीसी लिस्ट बनाने का अधिकार होगा। 127 वें संविधान संशोधन बिल के द्वारा आर्टिकल 342 ए(3) लागू किया जाएगा जिसके जरिए राज्यों को अधिकार होगा कि वो अपने हिसाब से ओबीसी सूची तैयार कर सकें। मई महीने में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ओबीसी सूची बनाने का अधिकार सिर्फ केंद्र सरकार के पास ही है राज्य सरकार ऐसा नहीं कर सकते हैं। आज से मॉनसून सत्र का आखिरी सप्ताह शुरू हो रहा है और विपक्षी दल भी इस बिल के समर्थन में आ गए हैं। ऐसे में सरकार को इसे पास कराने में कोई दिक्कत नहीं है। हालांकि नजर हंगामे पर है क्योंकि अब तक पेगासस पर गतिरोध बरकरार है। लोकसभा में सरकार की ओर से आज छह विधेयक पेश किए जाने की तैयारी है, इसमें ओबीसी आरक्षण विधेयक के अलावा डिपॉजिट इंश्योरेंस क्रेडिट गारंटी बिल, होम्योपैथी बिल, लिमिटेड लाइबिलीटी पार्टनरशिप बिल शामिल है।

# शाह की शह पर किया गया अभिषेक और तृणमूल कार्यकर्ताओं पर हमला : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि उनके भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के महासचिव अभिषेक बनर्जी तथा पार्टी कार्यकर्ताओं पर त्रिपुरा में हाल में किए गए हमलों के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह ऐसी हरकतों के आगे घुटने नहीं टेकेंगी। पश्चिम बंगाल भाजपा ने आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि ममता के तर्क के अनुसार, उन्हें राज्य में चुनाव के बाद की हिंसा और भगवा पार्टी के कार्यकर्ताओं की हत्याओं के लिए कसूरवार ठहराया जाना चाहिए।

अभिषेक बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर भाजपा शासित त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर हुए हमले के कुछ दिन बाद ममता ने यह बयान दिया है। त्रिपुरा में 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले, पार्टी राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में लगी है। सरकारी अस्पताल एसएसकेएम में घायल तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद



उन्होंने कहा, '' त्रिपुरा, असम, उत्तर प्रदेश और जहां भी भाजपा सत्ता में है, वहां वह अराजक शासन कर रही है। हम अभिषेक और हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं पर हुए हमले की निंदा करते हैं।'' उन्होंने कहा, '' केन्द्रीय गृह मंत्री की शह के बिना ऐसे हमलों को अंजाम नहीं दिया जा सकता। इन हमलों के पीछे उन्हीं का हाथ है, जिन्हें त्रिपुरा पुलिस की मौजूदगी में अंजाम दिया गया और वह मूकदर्शक बनी बनी हुई थी।

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री में ऐसे हमलों के निर्देश देने की हिम्मत नहीं है।'' त्रिपुरा के धलाई जिले के अंबासा में शनिवार को कथित तौर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के हमले में टीएमसी के दो नेता घायल हो गए। हमले का जिक्र करते हुए, ममता ने कहा, हमारे युवा नेताओं देबांग्शु भट्टाचार्य, जया दत्ता और सुदीप राहा को ले जा रही कार पर पथराव किया गया। वाहन की विंडशील्ड को तोड़ा गया और यहां तक कि गोलियां भी चलाई गईं और यह सबकुछ पुलिस के सामने हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा-राहा के सिर पर गंभीर चोट आई है, जबकि छर्रे की वजह से दत्ता का चेहरा सूज गया है। फिर भी, 36 घंटे तक उनका इलाज नहीं किया गया। उन्हें पीने के लिए पानी तक नहीं दिया गया। त्रिपुरा में बर्बर शासन ने उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया है। टीएमसी प्रमुख ने आरोप लगाया कि केंद्र के इशारे पर, त्रिपुरा में भाजपा सरकार ने टीएमसी नेताओं को उड़ान की टिकट बुक करने से रोकने की साजिश रची। ममता ने कहा- टीएमसी नेताओं को उड़ान टिकट बुक करने, या विमान और हेलीकॉप्टर किराए पर लेने की अनुमति नहीं देने के स्पष्ट निर्देश थे। विमान में अभिषेक की सीट के करीब पांच सीटें गुंडों के लिए बुक की गई थीं। उनकी जान को खतरा है। मुख्यमंत्री ने कहा- अभिषेक के काफिले पर दो अगस्त को त्रिपुरा दौरे के दौरान हमला किया गया था। अगर उनकी कार बुलेट प्रुफ नहीं होती तो उनकी खोपड़ी की हड्डी टूट जाती। कौन जाने उसके बाद क्या होता? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने पहले टीएमसी प्रतिनिधिमंडलों को असम में एनआरसी प्रभावित लोगों से और उत्तर प्रदेश के हाथरस में बलात्कार पीड़िता के परिवार से मिलने से रोका था। ममता ने कहा-भाजपा नेता पश्चिम बंगाल की यात्रा के दौरान लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन उन राज्यों में अपना असली रंग दिखाते हैं जहां वे शासन करते हैं। ममता ने जोर देकर कहा कि पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा के लोगों के बीच मजबूत संबंध हैं और भाजपा टीएमसी को पूर्वोत्तर राज्य के लोगों तक पहुंचने से नहीं रोक सकती।

## बंगाल में भाजपा कार्यकर्ता की पत्नी से घर में घुसकर गैंगरेप, टीएमसी पर लगे गंभीर आरोप

**हावड़ा।** बंगाल में बीजेपी और टीएमसी के बीच विवाद की नई जमीन तैयार होती दिख रही है। विधानसभा चुनाव के बाद होती भीषण हिंसा को लेकर लगातार बंगाल सवालों के घेरे में है। इसी बीच पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे राज्य को हिलाकर रख दिया है। हावड़ा में बीजेपी कार्यकर्ता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उसने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उसकी मूक पत्नी के साथ गैंगरेप किया। टीएमसी ने कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ है और दोषियों को सजा देने की मांग की।

पुलिस ने कहा कि उन्होंने सोमवार को प्राथमिकी में नामजद पांच में से दो लोगों को गिरफ्तार किया। घटना में कथित रूप से शामिल तीन अन्य लोगों को भी पकड़ने के लिए तलाशी शुरू की गई है। घटना शनिवार की रात हुई जब महिला का पति और बड़ा बेटा घर पर मौजूद नहीं था। महिला का फिलहाल उलुबेरिया सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसके घर के सामने एक पुलिस दल को तैनात कर दिया गया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल के पार्टी सह-प्रभारी अमित मालवीय ने ट्विटर पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि हावड़ा जिले के बगनान इलाके में एक बीजेपी कार्यकर्ता की 34 वर्षीय पत्नी को टीएमसी कार्यकर्ताओं ने बांधकर सामूहिक बलात्कार किया। अमित मालवीय ने ट्वीट किया कि स्थानीय पुलिस ने शुरू में उसकी शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया और मामले को हल्का करना चाहती थी। टीएमसी विरोधियों को चुप कराने के लिए बलात्कार को एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर रही है। वहीं टीएमसी के हावड़ा जिलाध्यक्ष पुलक रॉय ने कहा कि अपराधियों की कोई जाति, धर्म या नस्ल नहीं होती। राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रॉय ने कहा-हमारे राज्य में सभी अपराधियों को दंडित किया जाता है। हम परिवार के साथ हैं और हम मांग करते हैं कि सभी दोषियों को दंडित किया जाए। अमता से टीएमसी विधायक सुकांत कुमार पॉल और पार्टी के अन्य नेताओं ने अस्पताल में पीड़िता से मुलाकात की। अपने पति और दो बेटों के साथ बगनान थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला को छह साल पहले ब्रेन स्ट्रोक हुआ था, जिसके बाद वह अपनी आवाज खो चुकी लेकिन सुन सकती है। फ्लेक्स और बैनर का व्यवसाय करने वाले पीड़िता के पति ने कहा कि वह शनिवार को किसी काम से कोलकाता गया था और वापस नहीं लौट सका।

पुलिस में दर्ज शिकायत के मुताबिक उस रात कुछ लोगों ने महिला को उसके उपनाम से पुकारा और उसने दरवाजा खोला। पांच लोगों के एक समूह ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और उसे बांधकर दुष्कर्म किया। बीजेपी कार्यकर्ता ने अपनी शिकायत में दावा किया कि उन लोगों ने उसके घर से निकलने से पहले उसकी मोटरसाइकिल को उसकी पत्नी के पैरों पर गिरा दिया था। पीड़िता को पहले बगनान थाने ले जाया गया। वहां से उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और बाद में उलुबेरिया सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## संपादकीय

# आखिर स्कूल खोलने की इतनी जल्दी क्या?

ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के डायरेक्टर डॉक्टर रणदीप गुलेरिया ने शुक्रवार को कहा कि जिन इलाकों में कोविड पॉजिटिविटी रेट कम हैं वहां स्कूल फिर खोले जा सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि कम संक्रमण वाले इलाकों की उचित निगरानी के साथ चरणबद्ध तरीके से स्कूल खोले जा सकते हैं।

डॉक्टर गुलेरिया ने कहा-मुझे लगता है कि हमें संतुलन बनाना होगा। बच्चे बहुत समय से स्कूल नहीं गए हैं और ऐसे तमाम बच्चे हैं जिनके पास कंप्यूटर तक पहुंच नहीं है इसलिए उन्हें क्वॉलिटी एजुकेशन नहीं मिल पा रही है। लिहाजा स्कूलों का खोला जाना बहुत महत्वपूर्ण है। यह सिर्फ शिक्षा के लिहाज से ही जरूरी नहीं है बल्कि किसी बच्चे के सामाजीकरण की दृष्टि से भी जरूरी है। वहां बच्चे सामाजिक क्रियाकलाप, साथियों के साथ कैसे बर्ताव करना है यह भी सीखते हैं। स्कूल बड़ी भूमिका निभाते हैं जिसकी भरपाई ऑनलाइन क्लासेज ने नहीं हो सकती।

एम्स डायरेक्टर ने कहा-अभी हम ऐसी स्थिति में हैं कि देश के कुछ हिस्सों में कोरोना संक्रमण के मामले बहुत कम हैं, पॉजिटिविटी रेट और अस्पतालों में भर्ती होने के केस बहुत कम हैं।

स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से खोलने की बात करते हुए डॉक्टर गुलेरिया ने कहा-हमें चरणबद्ध तरीके से स्कूलों को खोलने के बारे में सोचना शुरू करना चाहिए। वे इलाके जहां संक्रमण दर कम हैं, वहां से इसकी शुरुआत की जा सकती है।

डॉक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा-हम इसे ऑल्टरनेट तरीके से कर सकते हैं ताकि भीड़ कम हो। हम निगरानी कर सकते हैं, बच्चों पर नजर रखी जा सकती है। अगर उनमें किसी तरह का लक्षण है तो वे घर रह सकते हैं। अगर पॉजिटिविटी रेट का कम रहना बरकरार रहता है तो स्कूलों को जारी रखा जा सकता है और अगर यह बढ़ता है तो स्कूलों को बंद किया जा सकता है।

कोरोना के डेल्टा वेरिएंट पर गुलेरिया ने कहा-जहां तक डेल्टा प्लस की बात है तो हमें और ज्यादा आंकड़ों की जरूरत है। डेल्टा प्लस डेल्टा वेरिएंट से ही पैदा हुआ है इसलिए यह एकदम से अलग वेरिएंट नहीं है। फिलहाल जो डेटा उपलब्ध हैं उनके आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि यह और भी ज्यादा संक्रामक है। जहां कहीं भी डेल्टा प्लस के मामले सामने आ रहे हैं वहां केस एकदम से नहीं बढ़ रहे। डेटा इस ओर भी इशारा नहीं कर रहे कि इससे हॉस्पिटलाइजेशन के केस बढ़ रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि यह और ज्यादा खतरनाक है लेकिन हमें इस पर नजर रखने की जरूरत है।

# कोविड-19 - वे संकट और परेशानियां जो हमें दिख नहीं रही

**लेखा रत्तनाणी**

जब हमारी आकांक्षाएं बढ़ गईं, ईएमआई कई गुना हो गया और संयुक्त परिवार पद्धति को त्याग दिया गया। 2011 की जनगणना के मुताबिक आज 10.4 करोड़ से ज्यादा भारतीय 60 वर्ष से अधिक उम्र के हैं। भारतीय परिवारों की संरचना में बदलाव के कारण वे वरिष्ठ नागरिक जिन्होंने कभी संयुक्त परिवारों का नेतृत्व किया था, उनका मार्गदर्शन किया था, अब खुद अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं।

देश में जुलाई के मध्य तक कोविड-19 से मरने वालों की अधिकारिक संख्या 4 लाख के करीब बताई जा रही है। यह व्यापक तौर पर माना और समझा जाता है कि मरने वालों की वास्तविक संख्या इससे बहुत ज्यादा है। इन आंकड़ों में वे मौतें शामिल नहीं हैं जो सीधे कोविड-19 से नहीं बल्कि कोविड-19 के अप्रत्यक्ष प्रभाव, जैसे आत्महत्या, अवसाद, चिंताएं, परिवार के बिखरने, परिवार के किसी सदस्य या सदस्यों की मृत्यु के कारण अथवा आर्थिक संकट के कारण हुई हैं। महामारी की त्रासदी के साथ समानान्तर चल रहे इस संकट से मरे लोगों की कोई अधिकारिक गिनती नहीं है। वे परिवार इस संकट का किस तरह सामना कर रहे हैं, यह बात भी कोई जानता नहीं है। इस समय कोविड-19 से प्रभावित लोगों की संख्या में कमी नजर आ रही है। टीकाकरण अभियान भी तेजी से चल रहा है और संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता पर भी ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे में सरकार को उन लोगों को भी मदद और राहत देनी चाहिए जो इस आपदा के प्रभावों व दुखों को खामोशी से झेल रहे हैं। ये वे लोग हैं जिन्हें मदद की जरूरत तो है पर वे इतने कमजोर हैं कि सहायता के लिए गुहार भी नहीं लगा सकते।

पत्रकार रेशमा मैथ्यू ट्रेंचिल का मामला भी इसी प्रकार का है। रेशमा ने इसी साल जून के मध्य में फादर्स डे पर अपने सात साल के बेटे के साथ बहुमंजिली इमारत की 12वीं मंज़िल के फ्लैट से कूद कर आत्महत्या कर ली थी जहां वह किराये से रहती थी। एक माह पहले ही उसके पति की कोरोना से मौत हो गई थी। उसका पति कोरोना से बीमार अपने माता-पिता की सेवा करने वाराणसी गया था जहां वह भी संक्रमित हो गया था। उसके माता-पिता की भी महामारी से मृत्यु हो गई। रेशमा हाल ही में बेंगलुरु से मुंबई आई थी और यहां किसी की मदद या सहारा न होने के कारण खुद को अकेली पा रही थी।

यह खामोश खतरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन के अनुसार कोविड-19 से हुई मौतों के अलावा इस महामारी के कारण उत्पन्न निराशा से मौतों की महामारी फैल रही है। कैलिफोर्निया स्थित वेल बीईंग ट्रस्ट के अनुसार बेतहाशा शराब पीने और नशीली दवाओं के उपयोग के कारण 75 हजार लोगों की मौत हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि देश उन समाधानों को ढूंढने में विफल रहता है जो देश के अलगाव, दर्द और पीड़ा को ठीक करने में मदद कर सकते हैं, तो कोविड-19 का सामूहिक प्रभाव और भी विनाशकारी होगा। इसमें बताया गया है कि अमेरिका में असामान्य निराशा से मौतों के तीन कारण पहले ही सक्रिय हैं = अभूतपूर्व आर्थिक विफलता, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी, सामाजिक अलगाव के अनिवार्य महीने और वर्षों का संभावित अनिवार्य अलगाव।

भारत में तीन या चार सदस्यों वाले एकल परिवार तो इस महामारी के कारण टूट से गये हैं। खास तौर पर वे, जो अपने मुख्य निवास वाले शहरों या गांवों को छोड़कर नए शहरों में कामकाज या किसी अन्य कारण से स्थानांतरित हुए हैं; अथवा वे लोग जो दूसरी जाति में विवाह करने के कारण परिवार द्वारा बहिष्कृत कर दिये गये हैं। कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर के दौरान राज्य सरकारों द्वारा लगाये जा रहे लॉकडाउन के कारण इन परिवारों में बचे लोग किसी प्रकार के संसाधनों के अभाव में अकेले पड़ गये हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं जो अपने स्वजनों के अंतिम समय में उनके साथ न रह पाने के कारण और उनके अंतिम संस्कार व क्रिया कर्म में अपनी आस्था के अनुसार शामिल न हो पाने की वजह से अभी भी गहरे मानसिक आघात में हैं।

कई परिवारों में एक आदर्श जीवन शैली का मतलब है- घरों और कारों के लिए बड़ी ईएमआई और रख-रखाव शुल्क, जो उपभोक्तावाद के युग में सफलता और उपलब्धि का संकेत देते हैं। अब इसकी हकीकत कर्ज वसूली और उसकी प्रक्रिया वाले एजेंटों के फोन काल्स के रूप में सामने आ रही है और उन्हें अपने आत्मसम्मान का बलिदान देना पड़ रहा है। गुरुग्राम के शेट्टी परिवार का उदाहरण ऐसा ही है जहां पिता ने आत्महत्या कर ली। लगातार बढ़ते कर्ज के कारण एक पखवाड़े बाद उनकी पत्नी और एक बेटी ने भी आत्महत्या कर ली। रिपोर्ट्स के मुताबिक आत्मघाती नोट में अनुरोध किया गया था कि उनके घर व कार का कर्ज माफ किया जाए।

आत्मबल टूटने की ऐसी घटनाओं में और भी बढ़ोतरी होगी क्योंकि कोविड-19 अपनी कीमत, आर्थिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक तरीके से वसूलेगा। मई में एक ऑनलाइन सर्वेक्षण किया गया था जिसमें करीब 8 हजार लोगों को शामिल किया गया था। इस सर्वे में पाया गया कि कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान 61 प्रतिशत भारतीय खुद को नाराज, परेशान, उदास या चिंतित महसूस कर रहे थे। सर्वे के मुताबिक 23 फीसदी ने बताया कि वे चिंतित या डरे हुए थे, 8 प्रतिशत ने कहा कि वे खिन्न, अवसादग्रस्त या उदास थे, 20 फीसद ने कहा कि वे परेशान और गुस्से में थे, 10 प्रतिशत ने कहा कि वे बहुत गुस्से में थे, और सिर्फ 7 प्र.श. ने कहा कि वे शांत और स्थिर चित्त थे। अन्य रिपोर्टों में यह बताया गया कि महामारी के दौरान हेल्पलाइनों व अन्य सहायता केंद्रों पर कॉल संख्या में वृद्धि हुई हैं।

लॉकडाउन और अनलॉक चरणों के बीच तनाव के कारण आत्महत्याओं की तुलना करने के लिए कोविड-19 से संबंधित 151 आत्महत्याओं पर भारतीय प्रिंट और टेलीविजन की 1856 रिपोर्टों और वैज्ञानिक साहित्य पर आधारित एक अन्य अध्ययन के निष्कर्षों के अनुसार आत्महत्या करने वालों में 80.8 फीसदी पुरुष थे और मृतकों की औसत आयु 38 वर्ष के आसपास थी। लॉकडाउन के दौरान आत्महत्या करने वाले लोगों की उम्र लॉकडाउन हटाए जाने पर मरने वालों की तुलना में काफी कम थी। इसी तरह के निष्कर्ष एमपावर नामक एक मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन के भी हैं। इसका महाराष्ट्र सरकार के साथ गठबंधन है। इस हेल्पलाइन को पिछले मार्च और इस अप्रैल में लॉक डाउन के दौरान पूरे भारत से 70 हजार फोन कॉल्स आई थीं। कॉल करने वालों में अधिकतर लोग 26 से 40 वर्ष आयु वर्ग के थे। 70 प्रश से अधिक फोन कॉल पुरुषों ने किए थे। समय पर दवा, शोक से उबरने के लिए दी गई सांत्वना और मनोचिकित्सा के कारण आत्महत्या करने की कगार पर खड़े लोगों ने अपने कदम वापस खींच लिए पर जो लोग फोन नहीं करते उनका क्या हुआ होगा, इसका जवाब नहीं है। फिर भी लॉक डाऊन के बाद खुले शॉपिंग सेंटर या अन्य स्थानों पर एकाध बार जाने का मतलब यही है कि स्थिति सामान्य हो रही है। कई दुकानों में वस्तुएं खरीदने के लिए भीड़ लगने की भी खबरें हैं। इसे कभी-कभी सामान्य स्थिति की वापसी का संकेत माना जाता है, लेकिन यह उस टाइम बम को अनदेखा करता है जो विघटन के कारण सतह के ठीक नीचे छिपा है। साफ-साफ कहें तो यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि महामारी के घातक प्रभावों- स्वास्थ्य के मोर्चे और परदे के पीछे की घटनाओं से प्रभावित हुए बिना देश और जनता सामान्य काम पर लौट आई है।

वे लोग जो अकेले हैं और विभिन्न शहरों में काम कर रहे हैं, अपने परिवारों से कटे हुए या अलग हैं, वे इस महामारी और लॉकडाउन में एक नई समस्या का सामना कर रहे हैं। यह नब्बे के दशक में उदारीकरण के साथ भारतीय परिवारों और संस्कृति में प्रवेश किए कुछ सामाजिक परिवर्तनों का परिणाम है जिसका फल अब नजर आ रहा है।

यह तब हुआ जब हमारी आकांक्षाएं बढ़ गईं, ईएमआई कई गुना हो गया और संयुक्त परिवार पद्धति को त्याग दिया गया। 2011 की जनगणना के मुताबिक आज 10.4 करोड़ से यादा भारतीय 60 वर्ष से अधिक उम्र के हैं। भारतीय परिवारों की संरचना में बदलाव के कारण वे वरिष्ठ नागरिक जिन्होंने कभी संयुक्त परिवारों का नेतृत्व किया था, उनका मार्गदर्शन किया था, अब खुद अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं। इस नजरिए से देखा जाए तो यह महामारी भारतीय सामाजिक ढांचे में कुछ नए दोषों, परिवर्तनों को जन्म दे सकती है। बाजार की निगाहें इन प्रवृत्तियों के निर्माण और उनके पनपने पर हैं कि क्या घर से काम करने के कारण एकल परिवार की प्रवृत्ति में बदलाव आकर फिर से संयुक्त परिवार प्रणाली की वापसी होगी? नई पीढ़ी की फास्ट फूड, तुरंत नकदी और तत्काल संतुष्टि की संस्कृति पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा? सरकार को सतर्क होकर इस अनदेखे संकट का सामना करने की तैयारी करनी चाहिए जो इस महामारी की समाप्ति के बाद उसके सामने आने वाला है।

# खाद्य सुरक्षा का गहराता संकट

> महामारी के दौर में ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई। उद्योग-धंधे और चौपट हो गए। करोड़ों लोग बेरोजगार हो गए। इसका असर भी खाद्य सुरक्षा पर पड़ा। खाद्य सुरक्षा से अभिप्राय मनुष्य की भोजन संबंधी आवश्यकताओं से है।

**अली खान**



कोरोना महामारी ने दुनिया के विकासशील और गरीब देशों के समक्ष खाद्य सुरक्षा का संकट खड़ा कर दिया है। इस बारे में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन ने हाल में 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड-2021' शीर्षक से रिपोर्ट जारी की है। इसमें खाद्य संकट और कुपोषण पर महामारी के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। अध्ययन में सामने आया है कि महामारी की वजह से विकासशील और हरीब देशों में खाद्य सुरक्षा की स्थिति गंभीर हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया की आधे से अधिक कुपोषित आबादी एशिया में रहती है। जबकि एक-तिहाई से अधिक कुपोषित आबादी अफ्रीका में है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2020 में अफ्रीका में करीबन साढ़े चार करोड़ से ज्यादा, एशिया में पौने छह करोड़ से अधिक और लैटिन अमेरिका व कैरेबियाई देशों में करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा लोगों को भुखमरी जैसे हालात का सामना करना पड़ा है। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान द्वारा जारी वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट-2021 में कहा गया था कि बढ़ती गरीबी और घटती आजीविका का प्रभाव खाद्य असुरक्षा और आहार की गुणवत्ता पर पड़ा है।

बता दें कि अमीर देश वैश्विक स्तर पर गरीबी उन्मूलन और भुखमरी की समस्या से निपटने की प्रतिबद्धता जताते रहे हैं। इसमें वैश्विक स्तर पर वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों में गरीबी उन्मूलन (एसडीजी-1) और भुखमरी खत्म करने (एसडीजी-2) का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि मौजूदा हालात के मद्देनजर इस दशक के अंत तक गरीबी उन्मूलन और भुखमरी से बड़ी आबादी को बाहर निकालने में कोई बड़ी सफलता हाथ लग जाएगी, इसकी उम्मीद अभी कम ही है। क्योंकि महामारी ने जिस तरह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को तबाह किया है, उससे गरीबी और भुखमरी खत्म करने के लिए चलाए जाने वाले अभियानों पर असर पड़ना तय है। रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों तक अपरिवर्तित रहने के बाद अल्पपोषण की व्यापकता में महज एक वर्ष के भीतर डेढ़ फीसद का इजाफा हुआ है। वहीं 2019 की तुलना में वर्ष 2020 में लगभग 11.8 करोड़ अधिक लोगों को भूख का सामना करना पड़ा। भुखमरी का सामना करने वालों की तादादा में साल भर के भीतर करीब अठारह फीसद की वृद्धि हो गई।

आंकड़े बता रहे हैं कि महामारी दौर में लोगों की आमद पर भी बहुत बुरा असर पड़ा है। आय में कमी के कारण खाद्य सामान जुटाने की सामर्थ्य में भारी गिरावट दर्ज की गई है। पिछले साल दुनिया में लगभग तीन में से एक व्यक्ति के पास पर्याप्त भोजन नहीं था?। यदि हम इसके पीछे बड़े कारणों की बात करें तो खाद्य प्रणालियों को प्रभावित करने वाले बाहरी कारक और आंतरिक कारक पौष्टिक खाद्य पदार्थों की लागत बढ़ा रहे हैं। इसके चलते गरीब और मध्यम वर्ग की स्वच्छ भोजन तक पहुंच नहीं बन पा रही है। रिपोर्ट से यह तथ्य भी उभर कर आया है कि पुरुषों और महिलाओं के बीच भोजन की पहुंच में काफी अंतर है। जहां वर्ष 2020 में खाद्य सुरक्षा के मामले में प्रत्येक दस पुरुषों की अपेक्षा ग्यारह महिलाएं असुरक्षित थीं, जबकि वर्ष 2019 में यह आंकड़ा 10.6 था।

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिर दुनिया की इतनी बड़ी आबादी को भुखमरी और गरीबी से बाहर कैसे लाया जाए? लोगों को भुखमरी से बचाने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस प्रयासों की जरूरत हैं। इनमें सामाजिक सुरक्षा उपायों को अपना कर भुखमरी और गरीबी उन्मूलन की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकते हैं। देशों को इस तरह की नीतियां बनानी होंगी जो गरीबी मिटाने में सहायक हों। इसके अलावा खाद्य प्रणालियों को दुरुस्त करना होगा। पौष्टिक खाद्य पदार्थों की लागत को कम करने के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुधार लाना होगा। खाद्य सुरक्षा संबंधी असमानताओं से निपटने के लिए प्रयास करने होंगे, ताकि आम आदमी तक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। खाद्य प्रणाली को मजबूती प्रदान करने के लिए दुनिया के सारे देशों को समन्वित प्रयास करने होंगे।

महामारी के दौर में ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई। उद्योग-धंधे और चौपट हो गए। करोड़ों लोग बेरोजगार हो गए। इसका असर भी खाद्य सुरक्षा पर पड़ा। खाद्य सुरक्षा से अभिप्राय मनुष्य की भोजन संबंधी आवश्यकताओं से है। यदि हम खाद्य सुरक्षा के तीन महत्त्वपूर्ण आयामों के बारे में बात करें तो इसमें भोजन की उपलब्धता, उस तक लोगों की पहुंच और समुचित उपयोग को शामिल किया जा सकता हैं। भारत के परिप्रेक्ष्य में बात करें तो हमारे यहां भोजन की उपलब्धता और पहुंच सुनिश्चित करने के पीछे कई सारी मुश्किलें हैं। जैसे कि हर साल देश के किसी न किसी क्षेत्र में बाढ़, सूखे और अकाल की समस्या भोजन की उपलब्धता में दिक्कतें पैदा करती हैं। इसके साथ-साथ लोगों की कमजोर? आर्थिक स्थिति भी खाद्यान्न तक उनकी पहुंच नहीं बनने देती। भारत के संदर्भ में खाद्य सुरक्षा और पोषण संबंधी आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं।

भारत दुनिया में सबसे बड़ी खाद्य असुरक्षा आबादी वाला देश बन कर उभरा है। खाद्य और कृषि संगठनों की रिपोर्ट बताती हैं कि वर्ष 2014 से 2019 तक खाद्य असुरक्षित आबादी में चार फीसद की वृद्धि हुई है। पिछले छह साल में सात करोड़ लोग खाद्य असुरक्षा की मार झेल रही आबादी में जुड़ गए हैं। वर्ष 2014-16 में भारत की 27.8 फीसद आबादी? खाद्य असुरक्षा की चपेट में थी, जो वर्ष 2017-19 में बढ़ कर 31.6 फीसद तक जा पहुंची थी। कुपोषण के मामले में भी भारत की स्थिति दयनीय ही है। लगभग पंद्रह प्रतिशत आबादी कुपोषित है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2019 में सर्वाधिक कुपोषित लोग भारत में मौजूद थे। भारत में खाद्य सुरक्षा का खतरा मंडराने के साथ-साथ कुपोषित आबादी में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी देखी जा रही है।

भारत दुनिया के उन देशों में है जो समय-समय पर खाद्य संकट झेलते रहे हैं। साठ के दशक के में देश में खाद्य संकट विकराल रूप धारण करने लगा था।? लेकिन हरित क्रांति ने भारत को न केवल खाद्य संकट से उबारा, बल्कि देश को गेहूं और चावल निर्यात की स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया। आज देश को आत्मनिर्भर बनाने की बात की जा रही है। कहने को सरकार ने सभी वर्गों तक भोजन की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 1995 में स्कूली बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन शुरू की थी। गरीबों के लिए अंत्योदय योजना और 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे कई प्रयास किए। लेकिन इनके अपेक्षित नतीजे नहीं दिखे।

पिछले कुछ समय में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, एक देश एक राशन कार्ड योजना, आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना, जैसी योजनाएं भी शुरू हुई हैं। ऐसी योजनाओं को बहुत ही पेशेवर तरीके से चलाने की जरूरत है, तभी देश की बड़ी आबादी को कुपोषित जीवन और भुखमरी से बाहर निकाला जा सकेगा।

महामारी के इस दौर में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने आगाह किया है कि विश्व की सात अरब अस्सी करोड़ आबादी का पेट भरने के लिए दुनिया में भोजन उपलब्ध है। लेकिन इसके बावजूद बयासी करोड़ से अधिक लोग भुखमरी के शिकार हैं। ऐसी भी आशंका जताई जा रही है कि इस वर्ष महामारी संकट के कारण चार करोड़ नब्बे लाख और लोग गरीबी के दलदल में जा सकते हैं। ऐसे में खाद्य सुरक्षा की दिशा में ठोस कदम उठा कर ही मौजूदा संकट से निपटा जा सकता है। इसके लिए दुनिया के अमीर-गरीब राष्ट्रों को एकजुट हो कर ही प्रयास करने होंगे।

## भविष्यफल

**मेष-** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें। चोट लग सकती है। थकान तथा कमजोरी महसूस होगी।

**वृष-** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रमाद न करें।

**मिथुन-** सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कर्क-** कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी। नए मित्र बनेंगे। आय बनी रहेगी।

**सिंह-** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा।

**कन्या-** पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**तुला-** जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है। दूसरों की बातों में न आएं। धैर्य रखें, समय सुधरेगा।

**वृश्चिक-** मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**धनु-** सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर-** बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। संतान पक्ष से खुशियां प्राप्त होंगी।

**कुंभ-** काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। विवेक का प्रयोग करें। आय बनी रहेगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा।

**मीन-** मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

# सुख और संतोष भी है सठियाने में

**अंशुमाली रस्तोगी**

हालांकि मेरी अभी उम्र नहीं है 'सठियाने' की लेकिन मुझे महसूस होने लगा है कि मैं सठिया गया हूं। थोड़ा-बहुत नहीं बल्कि उम्मीद से ज्यादा सठिया गया हूं। मेरा सठियानापन इतना बढ़ गया है कि क्या घर, क्या बाहर, मैं खूब दुत्कारा जाने लगा हूं। इसे मैं अपनी 'खुशकिस्मती' समझता हूं कि कथित समझदारों, बुद्धिजीवियों, प्रगतिशीलों की भीड़ में एक अकेला मैं ही सठियाया हुआ हूं।

यकीन कीजिए, पहले मैं सठियाये लोगों को बेहद 'हेय दृष्टि' से देखा करता था। उनसे बात तक करना अपनी तौहीन समझता था। लेकिन इधर जब से मुझे खुद सठियाने का रोग लगा है, मैं दूसरे सठियाये लोगों की भावनाओं को अच्छे से समझने लगा हूं। मैं यह मानने लगा हूं कि सठियाना बीमारी नहीं बल्कि दिमागी एवं वैचारिक स्वतंत्रता की निशानी है।


सठियाया आदमी ज्यादा बेहतर तरीके से खुद को अभिव्यक्त करने की क्षमता रखता है। उसे न किसी का डर होता है, न खुद के कहे पर शंका। यही वजह है कि अब मैं ज्यादा बेहतर तरीके से खुद को व्यक्त कर पा रहा हूं। किसी भी मुद्दे पर मैं अपना बेबाक सठियाया नजरिया तुरंत रख देता हूं। साहित्य से लेकर समाज तक किसी भी गंभीर या अ-गंभीर मसले पर आप मेरी 'सठियायी राय' ले सकते हैं। हां, मेरी 'सठियायी राय' को मानना या न मानना आपका काम है!

न-न मुझे इस बात की रत्ती भर फिकर नहीं रहती है कि लोग मेरे बारे में क्या-क्या और कैसा-कैसा कहते हैं। उनके 'कहने' के डर से मैं अपना सठियानापन नहीं त्याग सकता। मैंने तो ऐसे-ऐसे समझदार लोग देखे हैं, जो दावा समझदारी का करते हैं, किंतु रहते हर वक्त सठियाये हुए हैं। समझदारी का मुल्लमा चढ़ाकर अपने सठियाने को वे छिपा सकते हैं परंतु मैं कभी नहीं। मैं तो बे-खौफ होकर कहता हूं कि मैं सठिया गया हूं। बिना सठियाये आप नहीं जान सकते सठियाने का सुख। मुझे खुशी होती है, जब लोग-बाग मुझे 'सठिया गया' कहते हैं। मेरी कोशिश रहती है कि मैं ज्यादा से ज्यादा सठियानापन अपने लेखन व व्यंग्यों में ला सकूं ताकि सामने वाले को पढ़कर यह लग सके कि यह किसी 'सठियाये हुए लेखक' का लेखन है।

मुझे अपने सठियाने पर सबसे अधिक संतोष बुद्धिजीवियों से असहमति रखकर होता है। बुद्धिजीवी वर्ग जिन चीजों-बातों को नकारता है, उसे मैं स-हृदय अपनाता हूं। बुद्धिजीवी वर्ग जिस पूंजीवाद, बाजारवाद, अमेरिकावाद का विरोध करता है, उसका मैं समर्थन करता हूं। जिन प्रगतिशील रास्तों पर चलने को बुद्धिजीवी वर्ग कहता है, मैं उसके विपरीत चलना पसंद करता हूं। बुद्धिजीवी वर्ग लगातार नेताओं को बुरा-भला कहता रहता है, मैं उन्हें लोकतंत्र का सबसे भोला-भाला व्यक्ति कहता हूं। इन असहमतियों पर अगर कोई मुझे सठियाया हुआ कहता है तो कहे, मेरी सेहत पर फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि मैं 'दोगला चरित्र' लेकर न जीना चाहता हूं, न मरना। मेरी पहचान अगर सठियाये हुए लेखक या व्यक्ति की बन रही है तो बनती रहे। कागजी बौद्धिक बनने से बेहतर है, सठियाया हुआ घोषित होना।

# क्रान्तिकारियों की शौर्यगाथा का महान पर्व - 9 अगस्त सन 1925 ई.

**शहीदों की चिंताओं पर लगेंगे हर बरस मेले। वतन पर मिटने वालों का यही बाकि निशां होगा।।**




**दैनिक बुलन्द भारत - ब्यूरो**
**भरत सिंह पटेल संपादक**

**बरेली।** 9 अगस्त सन 1925 ई. को रेल से ले जाये जा रहे सरकारी खजाने को क्रान्तिकारियों द्वारा लखनऊ के पास काकोरी रेलवे स्टेशन के पास लूट लिया था। यह एतिहासिक घटना काकोरी काण्ड के नाम से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास मे प्रसिद्ध है। क्रान्तिकारियों द्वारा ब्रिटिश राज के विरुद्ध भयंकर सशस्त्र युद्ध छेड़ने की खतरनाक मंशा से हथियार खरीदने के लिये ब्रिटिश सरकार का ही खजाना लूट लेने के लिए पूरी योजना बनाई गयी,वह स्वतंत्रता संग्राम का तब तक का सबसे अदम्य साहस भरा कारनामा था जिससे अंग्रेज सरकार सकते में आ गई थी व दहल गयी थी। अंग्रेजों के खजाने को लूट लेना वह भी चलती रेल से और उसकी सुरक्षा व्यवस्था को तोड़कर कितने साहस, शौर्य, संकल्प और सुनियोजिम रणनीति की जरुरत होगी वह भी अपना कोई निजी स्वार्थ नहीं। क्रान्तिकारियों द्वारा चलाए जा रहे आजादी के आन्दोलन को गति देने के लिये धन की तत्काल व्यवस्था की जरूरत के थी। शाहजहाँपुर में हुई बैठक के दौरान राम प्रसाद बिस्मिल ने अंग्रेजी सरकार का खजाना लूटने की योजना बनायी थी। इस योजनानुसार दल के ही एक प्रमुख सदस्य राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी ने 9 अगस्त 1925 को लखनऊ जिले के काकोरी रेलवे स्टेशन से छूटी आठ डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेन्जर ट्रेन को चेन खींच कर रोका और क्रान्तिकारी पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में अशफाक उल्ला खाँ, पण्डित चन्द्रशेखर आज़ाद व 6 अन्य सहयोगियों की मदद से गार्ड के डिब्बे से सरकारी खजाने का बक्सा नीचे गिरा दिया। पहले तो उसे खोलने की कोशिश की गयी किन्तु जब वह नहीं खुला तो अशफाक उल्ला खाँ ने अपना माउजर मन्मथनाथ गुप्त को पकड़ा दिया और हथौड़ा लेकर बक्सा तोड़ने में जुट गए। मन्मथनाथ गुप्त ने उत्सुकतावश माउजर का ट्रैगर दबा दिया जिससे छूटी गोली अहमद अली नाम के मुसाफिर को लग गयी। वह मौके पर ही ढेर हो गया। शीघ्रतावश चाँदी के सिक्कों व नोटों से भरे चमड़े के थैले चादरों में बाँधकर वहाँ से भागने में एक चादर वहीं छूट गई। अगले दिन अखबारों के माध्यम से यह खबर पूरे संसार में फैल गयी। ब्रिटिश सरकार ने इस ट्रेन डकैती को गम्भीरता से लिया और सी0आई0डी0 इंस्पेक्टर तसद्दुक हुसैन के नेतृत्व में स्कॉटलैण्ड की सबसे तेज तर्रार पुलिस को इसकी जाँच का काम सौंप दिया। अंग्रेजी हुकूमत ने उनकी पार्टी हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन के कुल 40 सदस्य क्रान्तिकारियों पर सम्राट के विरुद्ध सशस्त्र युद्ध छेड़ने, सरकारी खजाना लूटने व मुसाफिरों की हत्या करने का मुकदमा चलाया जिसमें राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी, पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ तथा ठाकुर रोशन सिंह को मृत्यु-दण्ड की सजा सुनायी गयी। इस मुकदमें में 16 अन्य क्रान्तिकारियों को कम से कम 4 वर्ष की सजा से लेकर अधिकतम काला पानी का दण्ड दिया गया था।

काकोरी उत्तर प्रदेश में लखनऊ जिले का शहर और नगर पंचायत है। यह जगह भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान क्रान्तिकारी काकोरी काण्ड के लिए जानी जाती है। यहाँ पर काकोरी शहीदों की स्मृति में एक स्मारक भी है। इस शहर के स्मृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये मंगल ग्रह के एक प्रमुख क्रेटर का नाम भी काकोरी ही रखा गया है।

# जिला उपाध्यक्ष बनाया हाजी इस्लाम को चौधरी सुदेश पाल भाकियू तोमर की लीडरशिप



**दैनिक बुलन्द भारत ब्यूरो**
**सहारनपुर ( शहजाद )।** उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के ग्राम कैलाशपुर में हाजी इस्लाम के आवास पर भारतीय किसान यूनियन तोमर की बैठक के दौरान ढोल नगाड़ों के साथ भाकियू तोमर के पदाधिकारियों का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

बैठक का जिसका संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी आरिफ मलिक ने किया। व बैठक की अध्यक्षता इकबाल ने की। इस दौरान भाकियू तोमर के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुदेश पाल ने बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर किसानों से वार्तालाप कर किसानों पर हो रहे शोषण को लेकर आवाज बुलंद की उन्होंने कहा कि अगर सरकार तीनो काले कानून वापस नही लेती है तो आंदोलन और तेज किया जाएगा वह आने वाले चुनावो में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुदेश पाल द्वारा भाकियू तोमर सहारनपुर के जिला उपाध्यक्ष की कमान हाजी इस्लाम को सोपी गयी। इस दौरान बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रईस मलिक, मनव्वर प्रधान, प्रदेश प्रतिनिधि आशीष पाल, युवा जिलाध्यक्ष पारित उपाध्याय, प्रदेश मीडिया आरिफ मलिक, नदीम मलिक, विकास कांबोज, जिला उपाध्यक्ष सतपाल मास्टर, इमरान, सोनू, अफजल, फैजान, आबिद, इरशाद, शमशेर, इकबाल, रिहान आदि मौजूद रहे।

## श्री शल्लेश्वर मन्दिर में श्रावण मास के तीसरे सोमवार को सुबह तीन बजे से ही भक्तों की लगी भीड़, पुलिस बल तैनात

**दैनिक बुलन्द भारत - ब्यूरो**
**पंकज शर्मा**

**हमीरपुर।** जिले के सरीला नगर में स्थित प्रसिद्ध प्राचीन श्री शल्लेश्वर मन्दिर में आज सुबह तड़के तीन बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। क्योंकि आज श्रावण मास का तीसरा सोमवार है। मंदिर में सुबह तीन बजे से से बम बम भोले के जयकारों से नगर गूंज उठा। यहां दूरदराज आसपास के गांव से हजारों भक्तों ने बेतवा नदी व गंगा नदी से जलभर श्री शल्लेश्वर मन्दिर में जलाभिषेक किया। कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए मन्दिर समिति एवं प्रशासन ने मन्दिर परिसर के बाहर पेन्ट से गोले बनवा दिये गए हैं। यहां प्रतिवर्ष सावन के प्रत्येक सोमवार को हजारों की भीड़ उमड़ने लगती थी। लेकिन कोरोना के कारण इस वर्ष भी सावन महोत्सव व कंवर यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों को नहीं किया गया है।आज सुबह चार बजे से ज़रिया थाना के उपनिरीक्षक प्रेमचन्द मौर्या, कांस्टेबल नरेंद्र यादव,नरेश कुमार, अमित मिश्रा,महिला कांस्टेबल सरिता तिवारी सहित पुलिस बल मुस्तैद है।



# पशुपतिनाथ मंदिर में शिवसेना द्वारा रुद्राभिषेक कर महाआरती किया गया आयोजन

**दैनिक बुलन्द भारत - ब्यूरो**
**भरत सिंह पटेल**

**बरेली।** पूर्व वर्षों की भांति शिवसेना बरेली के द्वारा प्रत्येक वर्ष श्रवण मास के समय सप्त नाथ आरती का आयोजन किया जाता है। जिसमें समस्त शिवसैनिक पदाधिकारी गण भगवा धारण कर भगवान महादेव की आरती करते हैं। जिसमें आज छठी आरती का आयोजन 9 अगस्त 2021 को बाबा पशुपति नाथ मंदिर में की गई। इस मौके पर समस्त शिव सैनिकों ने भगवा धारण कर भगवान महादेव का रुद्राभिषेक करके महा आरती की गई, तत्पश्चात प्रसाद वितरण समस्त भोले भक्तों को किया गया इस मौके पर जिला प्रमुख बंटू सिंह ने कहा साथ नाथ की आरती की रुद्राभिषेक समस्त कष्टों से निजात दिलाती है और भगवान की असीम अनुकंपा प्राप्त होती है इस मौके पर महानगर प्रमुख दीपक पाठक साथ नाथकी आरती व रुद्राभिषेक करने के दौरान पूर्व में करोना कॉल हुई अकाल मृत्यु की आत्मा की शांति के लिए भी भगवान महादेव से प्रार्थना की गई इस मौके पर निर्मल राजपूत, नवीन सक्सेना, अशोक मिश्रा, हनी सिंह, रवि सोनकर, डॉ मनीष यादव, सौरभ दीक्षित, शिवम मिश्रा, पंकज, अनिल प्रदीप, गंगवार सोनू सोनकर, डॉ प्रदीप गंगवार, राहुल सक्सेना व सैकड़ों शिवसैनिक उपस्थित रहे।




# सिविल डिफेन्स वार्डेन्स सावन के तृतीय सोमवार को शिवालयों पर भीड़ नियन्त्रण में किया सहयोग

**दैनिक बुलन्द भारत ब्यूरो**
**अबधेश शर्मा**

**बरेली।** उप नियंत्रक श्री राकेश मिश्रा जी सहायक उप नियंत्रक श्री प्रमोद डागर जी सिविल डिफैंस आदेशानुसार शहर के सभी शिवालयो पर सुबह से वार्डेन्स डटे रहे। सावन के द्वितीय सोमवार को श्रवण मास में शिव मन्दिरो में भक्तो ने वैश्विक महामारी से मुक्ती परिवार अपनो के लिए प्रार्थना की। सिविल डिफेन्स के वार्डेन वालेन्टियर्स मन्दिरो पर भीड़ नियन्त्रण कोविड गाइड लाइन मास्क व दो गज की दूरी के अनुपालन में प्रशासन पुलिस का सहयोग किया।




चौरासी घंटा मंदिर पर श्रद्धालुओं की काफी लंबी लाइन थी जो लोग मास्क नहीं लगाए थे उनको मास्क वितरित किए। मणिनाथ मंदिर चौरासी घंटा मंदिर अलखनाथ मंदिर और तपेश्वर नाथ मंदिर का भ्रमण किया। प्रभारी डिप्टी चीफ वार्डन श्री मिस्बाह उल इस्लाम और सिविल लांइस प्रभाग के प्रभागीय वार्डन दिनेश यादव स्टाफ आफिसर डॉ मोहम्मद उस्मान नियाज ने भ्रमण कर डियूटीरत वार्डेन्स का उत्साहवर्धन किया इस दौरान घटना नियंत्रण अधिकारी राजेंद्र मोहन गर्ग, अनिल शर्मा पोस्ट वार्डन श्रीमती स्वदेश कुमारी श्रीमती आसिया अली सुनील यादव डिप्टी पोस्ट वार्डन सैयद मुजाहिद अली सेक्टर वार्डन और सुशील कुमार मनोज कुमार अनुराग शर्मा जहीर खान और कमर आलम आदि का सहयोग रहा।

## पुलिस ने गुमशुदा बच्चे की तलाश कर परिजनों को सौंपा




**दैनिक बुलन्द भारत - ब्यूरो**
**धर्मेन्द्र पांडेय**

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली पुलिस ने गुम हुए बच्चों को तलाश कर परिजनों को सौंप कर किया सराहनीय कार्य। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सालिया पत्नी लतीफ निवासी मोहल्ला बागवानी टोला अपनी रिश्तेदारी ग्राम तारनपुर से अपने बच्चे वसी 11 वर्ष, तम्जिद 8 वर्ष के साथ अपने घर वापस आ रही थी, तभी ग्राम गणेशपुर नेवादा भट्टे के पास भीड़ भाड़ होने की वजह से उसके दोनों बच्चे बिछड़ गए, मां सालिया द्वारा काफी तलाश करने के बाद जब बच्चों का कुछ पता नहीं चल सका तब उसने कोतवाली आकर प्रभारी निरीक्षक को अपने बच्चों के गुम होने की सूचना दी, प्रभारी निरीक्षक द्वारा तत्काल टीम गठित कर उप निरीक्षक पवन कुमार मिश्रा व हेड कांस्टेबल अबू हादी खान को बच्चे की सकुशल बरामदगी हेतु लगाया गया, पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुये घटनास्थल से नगर आने वाले मार्ग पर जांच करते हुए दोनों बच्चों को विश्वा गेट के पास से सकुशल बरामद कर लिया और बच्चों के सकुशल मिलने की सूचना उनके परिजनों को दी गई कोतवाली में बच्चों को उनके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। अपने बच्चों को सकुशल पाकर बच्चों के माता-पिता ने कोतवाली पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बुलंदशहर में बलात्कारियों के खिलाफ फांसी की मांग को लेकर भीम आर्मी का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन





**दैनिक बुलन्द भारत--ब्यूरो बुलंदशहर**
**त्रिलोक चन्द**

**बुलंदशहर** - सरकार के बेटियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दावे फेल होते हुए नजर आ रहे हैं। जहां बेटियो के साथ हो रहे गैंगरेप जैसी वारदात के ग्राफ को बढ़ता देखा जा रहा है। वही दोषियों पर फांसी जैसी कड़ी कार्यवाही हो इसको लेकर भीम आर्मी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को दिया। गैंगरेप की वारदात को अंजाम देने में दरिंदों को भीम आर्मी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार सरकार से फांसी की मांग की जा रही है।

नगर के काला आम चौराहे से कलेक्ट्रेट गेट तक भीम आर्मी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम जिलाधिकारी बुलंदशहर को एक आरोपियों की फांसी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। आपको बता दें कि विगत समय में दिल्ली में हुई नाबालिक बच्ची के साथ गैंगरेप की घटना ने लोगों का दिल दहला दिया है जहां श्मशान घाट में पानी लेने गई एक बाल्मीकि समाज की बच्ची के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दे डाला था जिसको लेकर आज बुलंदशहर में शेखर कुमार जिलाध्यक्ष भीम आर्मी के नेतृत्व में भीम आर्मी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। भीम आर्मी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बच्ची की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया। वही रोष जताते हुए सरकार से मृतक बच्ची के परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता, एक सरकारी आवास, परिवार के किसी भी सदस्य को योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी, बच्ची के दोषियों के खिलाफ फांसी की मांग की है। शेखर कुमार (जिलाध्यक्ष भीम आर्मी) बबीता गौतम (निवर्तमान जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा असपा) हेमलता सिंह, नीतू सिंह, सुषमा सिंह, रुखसार अंसारी, नीरज निगम जिला महामंत्री भीम आर्मी, रोहित कुमार, विपिन कुमार विधानसभा अध्यक्ष बुलंदशहर भीम आर्मी, गुड्डू गौतम जिला उपाध्यक्ष भीम आर्मी, लक्ष्य गौतम, आयुष आनंद, सनी बाल्मीकि, शिवेंद्र बाल्मीकि, सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुहर्रम उल हराम 2021 यौमे आशूरा 20 अगस्त को

**दैनिक बुलन्द भारत, ब्यूरो**
**प्रस्तुति- मंजर हुसैन काज़मी**

**सहारनपुर।** बार एसोसिएशन सहारनपुर सदस्य एवं स्थाई अधिवक्ता सेंट्रल शिया वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश मंज़र हुसैन क़ाज़मी द्वारा इत्तेला दी जाती है कि आज (09 अगस्त 2021) को माहे मोहर्रम के चाँद की तसदीक़ नही हुई। लेहाज़ा कल ( 10 अगस्त 2021) को माहे जिलहिज्जा सन 1442 हिजरी की तीस (30) तारीख होगी। माहे मोहर्रम सन् 1443 हिजरी की पहली तारीख 11 अगस्त 2021 को होगी। 10 मोहर्रम 1443 हिजरी यानि यौमे आशूरा 20 अगस्त 2021 को है।

मंज़र हुसैन काज़मी
स्थाई अधिवक्ता
उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड

## काशी में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही, इलाकों में मचा हाहाकार



**दैनिक बुलन्द भारत -- ब्यूरो**
**मो0 आदिल**

**वाराणसी** - वरुणा नदी किनारे बसा पक्की बाजार, आज़ाद नगर (खजूरी) सरैया नख्खीघाट में पानी भरने की वजह से लगातार लोग सुरक्षित स्थान और पलायन कर रहे हैं अपना सामान लेकर दूसरों के वहां मदद लिया जा रहा है कुछ लोग किराय का मकान रिस्तेदारीयों मे जाने को मजबूर है वही प्रशासन ने नाव वालों को लगा रखा है कही लोग अपनी ओर से नाव कर के वा अन्य साधन से सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे है लोगों का साफ कहना है की कोरोना के बाद यह विपदा जरुरत से ज्यादा परेशानी का सबब है अब हम लोग झेल नही पा रहे है सरैयां नख्खीघाट वा अन्य बुनकर बहूल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों मे लोगों का बुरा हाल है

# गांव अक्रूर में मिट्टी के टीले के मामले में एक और महिला की उपचार के दौरान मौत

**दैनिक बुलन्द भारत -- ब्यूरो**
**रवि बघेल**

**मथुरा।** देवशयनी एकादशी पर पूजा में इस्तेमाल के लिए मिट्टी लेने गईं महिलाओं को क्या पता था कि जिस मिट्टी को पूजा के लिए जंगल में स्थिति मिट्टी के टीला से मिट्टी निकाल रही थीं, वही उनके लिए आफत बन जाएगा। अचानक टीले से मिट्टी की ढाय गिरी और चार महिलाएं व तीन युवतियां उसके नीचे दब गईं। इनमें से दो युवतियां तो जैसे तैसे बचकर निकल गईं। जो मामलू रूप से चुटैल हुईं। चुटैल युवतियों ने गांव जाकर घटना की जानकारी दी तो हड़कंप मच गया। लोग घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस और नगर निगम प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर ढाय में दबी महिलाओं को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला। इनमें से एक महिला की मौत हो गई। जबकि तीन महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है। गंभीर घायल महिलाओं को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया है।



वृंदावन के समीपवर्ती गांव अक्रूर में मंगलवार को गांव की चार महिलाएं व तीन युवतियां देवशयनी एकादशी पर पूजा में इस्तेमाल होने वाली मिट्टी लेने के लिए जंगल की ओर पहुंच गईं। जंगल में मिट्टी के टीले के निचले भाग से खोद कर महिलाएं जय बिहारी की पत्नी रेनू, लवकुश की पत्नी आशा, हाकिम की पत्नी विमलेश, वकील की पत्नी रजनी, परसो की बेटी ललिता, मोहनलाल की बेटी राधा तथा नन्हीं की बेटी सावित्री मिट्टी निकाल ही रही थीं, इसी दौरान पिछले दो दिन से हो रही झमाझम बारिश के कारण टीले की मिट्टी कमजोर होने के चलते अचानक ऊपर से मिट्टी की ढाय गिर गई और महिलाएं व युवतियां उसकी जद में आ गईं। ढाय गिरते समय दो युवतियां ललिता और राधा बमुश्किल खुद को मिट्टी से निकालकर गांव की ओर दौड़ पड़ीं। मामूली रूप से चुटैल हुई इन युवतियों ने जब स्वजनों और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी तो ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और ग्रामीणों का भारी हुजूम घटनास्थल पर लग गया। घटना की सूचना पर पुलिस फोर्स और नगर निगम की टीम जेसीबी के साथ पहुंची और मिट्टी में दबी चारों महिलाओं को जेसीबी की मदद से रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया। घायल महिलाओं को एंबुलेंस के जरिए जिला संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। जहां 28 वर्षीय रेनू को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि आशा, रजनी, विमलेश व सावित्री का उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

आपको बताते चले की लवकुश की पत्नी आशा का मथुरा में ईलाज चल रहा था, मथुरा से आगरा के लिए आशा को रेफर कर दिया गया, जहां पर आशा की हालत लगातार नाजुक बताई जा रही थी, आगरा के एक हॉस्पिटल ने आशा की हालत गंभीर बताते हुए जयपुर के हॉस्पिटल एसएमएस के लिए रेफर कर दिया जहां पर एसएमएस हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा आशा का इलाज किया जा रहा था, कई दिन बीत जाने के बाद आशा की इलाज के दौरान मौत हो गई, आशा की मौत की खबर गांव में आग की तरह फैल गई और गांव में मायूसी छा गई, बाकी दो महिलाओं का अभी ईलाज चल रहा है । आपको बता दें कि आशा की शादी लवकुश गांव अक्रुर में करीब 10 साल पहले हुई थी, आशा के दो पुत्र छोटे छोटे मोहित, उमेश थे, जिला प्रशासन ने अभी तक इस मामले में मृत परिजनों की कोई भी किसी प्रकार की सहायता नही की है । अब देखना यह होगा कि इन गरीब मृत परिवारों की सहायता के लिए जिला प्रशासन क्या कदम उठाता है ।

# पूर्व महापौर श्रीमती अंजू चौधरी के प्रदेश महिला आयोग का चौथी बार उपाध्यक्ष बनाये जाने पर माल्यार्पण कर किया सम्मान



**दैनिक बुलन्द भारत ब्यूरो गोरखपुर- (बी.पी.मिश्र)**

**गोरखपुर।** इस कार्यक्रम पर उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेता श्रीमती अंजू चौधरी के महिला आयोग के लगातार चौथी बार उपाध्यक्ष बनाये जाने से प्रदेश की महिलाओं में खुशी की लहर व्याप्त है और उनसे नारी सशक्तिकरण के भाजपा कार्यक्रमों को और गति मिलेगी।

चित्रा देवी ने वरिष्ठ भाजपा नेता अंजू चौधरी सेआशीर्वाद लेते हुए हर कदम पर उनके साथ रहने और सहयोग का अश्वासन भी दिया ।इस अवसर पर महिला मोर्चा की निहारिका, मधु सोनकर, अराधना गुप्ता,सीमा माहेश्वरी, वंदना गुप्ता भी उपस्थित रही।

# गोरखपुर विश्वविद्यालय में कुमारी प्रियंका भारती की हुई संदिग्ध हत्या के मामले में समाजवादी अधिवक्ता सभा का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिजनों से मिला



**दैनिक बुलन्द भारत- ब्यूरो (बी.पी.मिश्र)**

**गोरखपुर।** उक्त प्रतिनिधि मंडल में श्री कमल किशोर यादव एडवोकेट जिला अध्यक्ष समाजवादी अधिवक्ता सभा, श्री संजय सिंह एडवोकेट सपा नेता व वरिष्ठ अधिवक्ता, श्री अमित यादव एडवोकेट, श्री श्याम मिलन एडवोकेट, श्री विष्णु मोहन यादव एडवोकेट, श्री राधेश्याम सिंह एडवोकेट, श्री स्वतंत्र सिंह यादव एडवोकेट, श्री विकास यादव एडवोकेट व अन्य उपस्थित रहे ।

# प्रधानमंत्री स्वच्छता दूत को मिला प्रथम कोरोना योध्दा सम्मान

**दैनिक बुलन्द भारत -ब्यूरो मो0 आदिल**

**वाराणसी।** एक और जहां पूरा विश्व कोरोना महामारी से जंग लड़ रहा है वहीं दूसरी तरफ वाराणसी के मूलनिवासी गंगा पहरी दर्शन निषाद महामारी में हिम्मत नहीं हारी बल्कि कोरोनावायरस मरीजों को गांव गली शहर के गरीबों तक पहुंच कर खाना कपड़ा और अनाज पहुंचाते रहे इसी कड़ी में देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने एक कार्यक्रम के दौरान दर्शन निषाद जी के कंधे पर हाथ रखकर बहुत प्रशंसा किया और कहा आपका कार्य बहुत सराहनीय है हौसले के साथ इस काम को और तेजी से अंजाम दीजिए उसके बाद दर्शन निषाद जी ने लाउडस्पीकर के



माध्यम से अपने मुख के माध्यम से निस्वार्थ लोगों की सेवा किया प्रदेश के एक बहुत बड़े अखबार ने एक सर्वे करा कर श्री दर्शन निषाद जी को अपनी संस्थान का प्रथम पुरस्कार से नवाजा इस बात की खबर लगते ही गांव के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई मालूम हो कि दर्शन निषाद जी गंगा नदी की गाय मानी जानी वाली मछली जिसको डॉल्फिन के नाम से जाना जाता है उसका संरक्षण किया जाना बहुत जरूरी है अक्सर देखा गया है के दर्शन निषाद डॉल्फिन को बचाने में एक कदम आगे खड़े दिखाई देते हैं।

# आनलाइन ठगी के शिकार पीड़ित के कुल 55000 रूपये वापस

**दैनिक बुलन्द भारत -ब्यूरो हसमत हुसैन खान**

**श्रावस्ती।** 16 जुलाई 2021 को पीड़ित/आवेदक मोहम्मद अरशद निवासी ग्राम राजा वीरपुर पोस्ट भगहा थाना भिनगा जनपद श्रावस्ती द्वारा



अपने साथ आनलाइन ठगी कर खाते से 75000 हजार रूपये निकाल लेने के संबंध में पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती श्री अरविन्द कुमार मौर्य के समक्ष एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसमें अंकित किया गया था कि दिनांक 15.07.2021 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके झांसे में लेकर आवेदक के खाते से आनलाइन रुपए निकाल लिए थे। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती के निर्देशानुसार साइबर क्राइम सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए खाते का स्टेटमेंट प्राप्त कर सम्बंधित बैंक से पत्राचार कर आनलाइन ठगी किए गए 55000 रूपये साईबर क्राईम सेल श्रावस्ती द्वारा अथक परिश्रम कर आवेदक उपरोक्त के बैंक खाते में वापस कराये गये। आवेदक द्वारा आज दिनांक 09.08.2021 को कार्यालय साईबर क्राइम सेल में आकर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती एवं साईबर क्राइम सेल के अधिकारी/कर्मचारीगण का आभार व्यक्त करते हुए कृत कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उ0प्र0 युवाओं के सपनों को कर रहा है साकार

**दैनिक बुलन्द भारत -ब्यूरो हसमत हुसैन खान**

**श्रावस्ती।** प्रत्येक युवा का यह सपना होता है कि वह रोजगार के माध्यम से घर-परिवार की जिम्मेदारी संभाले। इस योग्य बने कि अपनी आजीविका प्राप्त कर सके तथा माता-पिता एवं अन्य परिवारजनों की देखभाल हेतु आय अर्जित कर सके। युवाओं के ऐसे ही सपने को साकार करने के लिए प्रदेश का व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उन्हें आई0टी0आई0 के विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध करा रहा है।

आई0टी0आई0 का पूरा नाम है 'इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट'। हिन्दी में इन्हें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नाम से जाना जाता है। लेकिन इनकी प्रसिद्धि आई0टी0आई0 के रूप में ही ज्यादा है। आई0टी0आई0 एक टेऊनिंग इंस्टीट्यूट है जो औद्योगिक क्षेत्र में प्रशिक्षित श्रमबल को उपलब्ध कराने का कार्य करते हैं। आई0टी0आई0 इस रूप में एक जॉब स्पेसिफिक कोर्स होता है जो विद्यार्थियों को कम समय में मार्केट रेडी बना देता है। यह कक्षा आठ व हाईस्कूल उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को आई0टी0आई0 के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्र्रवेश के अवसर देता है।

उत्तर प्रदेश में स्थापित कुल 305 राजकीय आई0टी0आई0 तथा कुल 2749 निजी आई0टी0आई0 में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए कुल मिलाकर 4 लाख 94 हजार से ज्यादा सीटें उपलब्ध है। राजकीय आई0टी0आई0 में 70 व्यवसायों तथा निजी आई0टी0आई0 में 51 व्यवसायों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। इन आई0टी0आई0 में सत्र 2021-22 में प्रवेश के लिए मेरिट आधारित ऑनलाइन रजिस्टेऊशन की शुरूआत दिनांक 04.08.2021 से हो गयी है। महिलाओं के प्रशिक्षण के लिए प्रदेश में 12 विशिष्ट राजकीय संस्थानों के अतिरिक्त 47 महिला शाखाएं स्थापित है। प्रदेश के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में भी 43 राजकीय आई0टी0आई0 स्थापित है। इस प्रकार प्रदेश सरकार का विजन है कि प्रत्येक वर्ग एवं प्रत्येक क्षेत्र के अभ्यर्थी इनमें प्रवेश पा सकें। इन सभी आई0टी0आई0 में शासन के नियमानुसार आरक्षण दिया जाता है एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था है।

प्रदेश की अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़े वर्गो का विकास सुनिश्चित करने हेतु तथा इस वर्ग के वंचित युवाओं को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करने हेतु अनुसूचित जाति सबप्लान (एस0सी0/एस0टी0) के अन्तर्गत 84 विशिष्ट राजकीय आई0टी0आई0 स्थापित हैं। जिनमें 70 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति/जनजाति तथा 15 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ी जाति हेतु आरक्षित है।

इन आई0टी0आई0 में वायरमैन, पेन्टर, वेल्डर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, फूड प्रोडक्शन जनरल, ट्रैवल टूर असिस्टेंट, फिटर टर्नर, मशीनिस्ट, ग्राइण्डर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रीशियन (पावर डिस्ट्रीब्यूशन), ड्राफ्टमैन (मैकेनिक एवं सिविल), रेडियोलॉजी टेक्नीशियन, फिजियोथेरेपी टेक्नीशियन, फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इण्डस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट आदि अनेक व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इन सभी कोर्सों में कुछ की शैक्षणिक योग्यता 8वीं तथा कुछ की 10वीं कक्षा उत्तीर्ण हैं। साथ ही यह एक वर्ष या दो वर्ष की अवधि के पाठयक्रम हैं। जिसके पश्चात प्रशिक्षित युवक-युवतियों के लिए सरकारी प्रतिष्ठानों जैसे रेलवे, आर्मी, नेवी, एयरफोर्स, पी0डब्लू0डी0, सिंचाई विभाग, व्यवसायिक शिक्षा विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग आदि में रोजगार के पर्याप्त अवसर मिलते हैं। इसके अतिरिक्त अर्धसरकारी/निगम/परिषद जैसे भेल, गेल, सेल, यू0पी0 पी0सी0एल0, एच0ए0एल0, ओ0एन0 सी0सी0, एन0टी0 पी0सी0 आदि में भी रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध होते हैं। प्रतिष्ठित निजी प्रतिष्ठानों जैसे टाटा मोटर्स, मारूति सुजुकी, ह्यूण्डई, रिलायंस, जिंदल, विप्रो एवं अन्य में भी आई0टी0आई0 प्रशिक्षण प्राप्त युवक-युवतियों को रोजगार के अच्छे पर्याप्त अवसर मिलते हैं। देखा जाए तो आई0टी0आई0 से प्रशिक्षण के उपरान्त उनकी प्रतिभा में निखार आ जाता है और वे हमारे औद्योगिक क्षेत्र को गति प्रदान करने हेतु तथा स्वयं अपना विकास करने हेतु योग्यता हासिल कर लेते हैं। आई0टी0आई0 प्रशिक्षित व्यक्ति यदि स्वरोजगार करना चाहें तो उन्हें सरकार द्वारा मुद्रा लोन योजना के तहत बिना गारंटी ऋण सुविधा उपलब्ध होती है। इस प्रकार आई0टी0आई0 का कोर्स स्वरोजगार को भी बड़ी मात्रा में बढ़ावा दे रहा है।

शासनादेश के अनुसार कक्षा 8 उत्तीर्ण करने के उपरान्त दो वर्ष या उससे अधिक के पाठ्यक्रमों में आई0टी0आई0 प्रमाण पत्र धारकों को माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल (कक्षा 10) की हिन्दी विषय की परीक्षा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण करने की स्थिति में उसे कक्षा 10 (हाईस्कूल) के समकक्ष माना जाता है तथा ऐसे ही कक्षा 10 के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दो वर्ष या उससे अधिक के पाठ्यक्रमों में आई0टी0आई0 प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के उपरान्त इण्टरमीडिएट की हिन्दी विषय की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर परिषद की इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) के समकक्ष माना जाता है। यह उन छात्रों के लिए वरदान है जो आगे उच्चशिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। इसके अतिरिक्त यदि आई0टी0आई0 से उत्तीर्ण प्रमाणपत्र धारक उत्तर प्रदेश में पॉलीटेक्निक में प्रवेश हेतु अर्ह होते हैं, तो उन्हें संबंधित डिप्लोमा पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश दिया जाता है।

प्रदेश का व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग आई0टी0आई0 के विभिन्न कोर्स के द्वारा युवक-युवतियों के कौशल संवर्द्धन का कार्य कर रहा है। जिसके माध्यम से उन्हें भावी रोजगार के लिए तैयार कर रहा है एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रदेश सरकार अपने युवाओं का राष्ट्रीय विकास में योगदान सुनिश्चित कर रही है। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग सरकारी, निजी एवं स्वरोजगार में अवसरों की प्राप्ति की दिशा में युवा वर्ग को प्रशिक्षित कर महती जिम्मेदारी निभा रहा है।

# हाजी सिराज के नेतृत्व में क्रांति दिवस पर जुलूस मार्च निकालते हुए किया विरोध किया



**दैनिक बुलन्द भारत - ब्यूरो धर्मेन्द्र पांडेय**

**लहरपुर/सीतापुर(** अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हाजी सिराज के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई बेरोजगारी महिला सुरक्षा किसानों की समस्या बिगड़ती कानून व्यवस्था भ्रष्टाचार के खिलाफ के साथ-साथ भाजपा गद्दी छोड़ो अभियान के तहत जुलूस निकाल कर विरोध जताया विदित हो कि आज दिनांक अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हाजी सिराज के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने खेमकरण इंटर कॉलेज से केसरी गंज तक अगस्त क्रांति दिवस पर जुलूस मार्च निकालते हुए विरोध प्रदर्शन किया ।इस मौके पर हाजी सिराज मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि भाजपा शासनकाल में चाहे महिला सुरक्षा हो किसानों की समस्या हो या फिर बढ़ती महंगाई हो इन सब चीजों से जनता त्रस्त हो चुकी है ।इसका जवाब 2022 के आने वाले चुनाव में जनता के देगी ।इस मौके पर चौछ विभु अवस्थी प्रवक्ता अमित मिश्रा सोशल मीडिया प्रभारी शीलू शुक्ला कन्हैया जी मरुधरा महासचिव डॉ विनोद दीक्षित ब्लाक लहरपुर अध्यक्ष आशीष शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष बेहटा कमाल अहमद कुरेशी नगर पंचायत अध्यक्ष तंबौर डॉक्टर सादिक अंसारी नईम अंसारी लल्लूराम शुक्ला ।

# अवधेश यादव अध्यक्ष और एसपी सिंह चुने गए महामंत्री



**दैनिक बुलन्द भारत --ब्यूरो हसमत हुसैन खान**

**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट स्थित तथागत सभागार में शनिवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का चुनाव कराया गया। जिसमें सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन कर लिया गया। निर्वाचन के दौरान अवधेश यादव एक बार फिर परिषद के अध्यक्ष चुने गए। एसपी सिंह को महामंत्री की जिम्मेदारी मिली है। संगठन के सभी कर्मचारी प्रात: कलेक्ट्रेट पहुंचे। कोविड प्रोटोकाल का ध्यान रखते हुए संगठन के द्विवार्षिक अधिवेशन पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से अवधेश यादव को अध्यक्ष, ओपी सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एसपी सिंह महामंत्री व राकेश सिंह को संप्रेक्षण निर्वाचित किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस का 75वां समारोह आजादी के अमृत महोत्सव के रूप मनाया गया

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को किया गया सम्मानित

**दैनिक बुलन्द भारत--ब्यूरो धर्मेन्द्र कुमार कन्नौजिया**

**तमकुही/कुशीनगर।** अगस्त क्रांति यानी 9 अगस्त भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अगस्त क्रांति के नाम से मशहूर भारत छोड़ो आंदोलन का करीब तीन-चार साल का दौर अत्यंत महत्वपूर्ण होने के साथ पेचीदा भी था। यह आंदोलन देशव्यापी था जिसमें बड़े पैमाने पर भारत की जनता के इस धारी की और अभूतपूर्व साहस और सहनशीलता को परिचय दिया 9




अगस्त का दिन हम भारतवासियों के जीवन की महान घटना है और यह हमेशा बनी रहेगी 15 अगस्त को धूमधाम से मनाते हैं क्योंकि उस दिन ब्रिटिश वायसराय माउंटेन ने भारत के प्रधानमंत्री के साथ हाथ मिलाया था और क्षतिग्रस्त आजादी हमारे देश को दी थी वही 9 अगस्त देश की जनता की अपेक्षा की अभिव्यक्ति थी जिसमें उसने यह ठान लिया था कि हमें आजादी चाहिए और हम आजादी लेकर रहेंगे और बीर सपूतों ने ऐसा किया भी जिसके चलते आज हम लोग स्वतंत्र है।

तमकुही में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का नगर पंचायत के तत्वाधान में किया गया जिसमे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार को अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया गया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे राज्य मंत्री जगदीश मिश्र (बाल्टी बाबा),विशिष्ट अतिथि रहे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र मिश्रा,उप जिलाधिकारी एआर फारुखी, पुलिस क्षेत्राधिकारी फूलचंद कन्नौजिया, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष केशव पाण्डेय, कार्यक्रम के आयोजक नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अम्बरीष कुमार ने सभी अतिथियों का किया आभार प्रगट किया।

# पत्रकार समाज कल्याण समिति के प्रदेश सचिव ने श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर आयोजित किया गया भव्य भंडारा



**दैनिक बुलन्द भारत -- ब्यूरो अखिलेश कुमार**

**लखनऊ** - गोमती नगर विभूतिखण्ड थाना अंतर्गत निकट मंत्री आवास सन हॉस्पिटल में हॉस्पिटल के संचालक द्वारा श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर हॉस्पिटल में रुद्राअभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया ततपश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।भंडारे की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे खोलो पांडे कप्तान तिवारी रमापति शास्त्री गिरिजेश तिवारी भारत समाचार के चीफ एडिटर बृजेश मिश्रा जी पत्रकार समाज कल्याण समिति रजि0के प्रदेश प्रदेश प्रभारी देवेंद्र मिश्रा जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर भंडारे की शुरुआत की गई पूरे विधि विधान के साथ भगवान शंकर की पूजा अर्चना करते हुए भगवान भोलेनाथ की आरती कर हॉस्पिटल संचालक ने भंडारे की शुरुआत की।बता दें कि रुद्राभिषेक भगवान भोलेनाथ के इस कार्यक्रम में परम पूज्य विद्वान कथावाचक सरस मधुर वक्ता उज्जवल मणि तिवारी जी के द्वारा रुद्राभिषेक कार्यक्रम कराया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अयोध्या जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे सोनू पांडे जिला सहसंयोजक प्रकोष्ठ कप्तान तिवारी एडिशनल एसएचओ विनोद यादव यह चंद्रशेखर सिंह समाजसेवी भूपेंद्र यादव और ठाकुर भैया कृष्ण कुमार पांडे और मोनू पांडे रामकृष्ण पांडे कमलेश शुक्ला प्रिंस सिंह दिव्यांग चौधरी नितिन पांडे समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# 20 घंटे हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद मृतक का किया अंतिम संस्कार

**दैनिक बुलन्द भारत -ब्यूरो धर्मेन्द्र पांडेय**

**लहरपुर/ सीतापुर।** लगभग 20 घंटे के हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद अंत में मृतक का परंपरागत ढंग से किया गया अंतिम संस्कार, मृतक को दी गई समाधि, पुलिस और प्रशासन ने चैन की सांस ली। ज्ञातव्य है कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौवापुर में विगत 28 जुलाई को हुई मारपीट के चलते 55 वर्षीय व्यक्ति रामधनी गिरी पुत्र शिवनारायण की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई थी कल रविवार को पीएम के बाद गांव में शव पहुंचने पर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और भारी मान मनोव्वल के बाद भी



मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया गया रात भर शव परिजनों द्वारा मेटाडोर से नहीं उतारा गया सारी रात पुलिस मौके पर मौजूद रही। आज सुबह होने पर फिर वही कार्यक्रम जारी रहा। उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं कई थानों की पुलिस परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए मनाती रही, परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने एफआईआर में धारा 304 को भी बढा दिया गया

परंतु फिर भी गतिरोध जारी रहा। अंत में ग्राम प्रधान एखलाक खान, पूर्व प्रधान रमानिकेत सिंह,अवधेश त्रिवेदी एवं अन्य लोगों के प्रयास से परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए राजी किया गया, फिर मृतक का अंतिम संस्कार परंपरागत ढंग से गड्ढा खोदकर समाधि देकर कर दिया गया। अंतिम संस्कार होते ही पुलिस और प्रशासन में राहत की सांस ली। कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार सिंह के अनुसार एंटी मार्टम हेड इंजरी होने व कोमा में चले जाने से रामधनी की मौत पीएम रिपोर्ट में दरसाई गई थी।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिया जा रहा अपात्रों को



**दैनिक बुलंद भारत - ब्यूरो जितेंद्र श्रीवास**

**झांसी।** खबर तहसील मोंठ से है जहां पर ग्राम सिमरिया निवासी लाखन सिंह ने बताया कि ग्राम सिमरिया में प्रधान एवं सचिव की मिलीभगत से प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ अपात्र लोगों को दिया जा रहा है जिसकी सूचना लाखन सिंह ने 01/07/2021 को मंडल आयुक्त झांसी को लिखित रूप मैं दी।

शिकायत को दिए 1 महीने से ऊपर हो चुका परंतु अभी तक इन ग्राम प्रधान एवं सचिव के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

वहीं लखन सिंह का कहना है कि उच्चाधिकारियों द्वारा पात्र एवं अपात्र आवासों की जांच कराई जाए अपात्र लोगों को आवास योजना का लाभ देकर पात्र लोग प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास मिलने से वंचित रह गए जिसकी सूचना आशीष पाल रामकुमार लाखन सिंह तेज सिंह एवं अनिल ने लिखित रूप से मंडलायुक्त को दी।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस का जबरदस्त प्रदर्शन

**दैनिक बुलन्द भारत --ब्यूरो हसमत हुसैन खान**

**श्रावस्ती।** पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की बढ़ती हुई कीमतों के विरोध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने किसान इंटर कॉलेज गिलौला से लेकर तिलक पुर मोड़ तक प्रदर्शन किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद नसीम चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे किसान इंटर कॉलेज सुविखा से लेकर तिलकपुर मोड़ तक प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से सरकार द्वारा पिछले सालों में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी की गई है, उससे आम जनता पर महंगाई की मार पड़ी है। कांग्रेस पार्टी सरकार से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों पर अंकुश लगाने की मांग करती



है। चेतावनी दी कि ऐसा नहीं किया तो कांग्रेस को उग्र आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा।

# एआईएमआईएम बरेली के जमाल व नदीम उद्दीन महासचिव रेहान कुरेशी जिला सोशल मीडिया प्रभारी

**दैनिक बुलन्द भारत ब्यूरो**

**बरेली।** ऑल इंडिया ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के ज़िला कार्यालय बरेली पर एएमआईएम बरेली जिलाध्यक्ष यूथ आसिफ़ शेख़ ने संगठन विस्तार करते हुए मोहम्मद जमाल अंसारी व नदीम उद्दीन को जिला महासचिव यूथ, अब्दुल माजिद नूरी, फरमान खालिद, नदीम नियाज़ी, मोहम्मद अब्बास अंसारी व शाहबाज़ हैदर नक़वी को जिला सचिव यूथ तथा रेहान खान को जिला संयुक्त सचिव तथा रेहान क़ुरैशी को जिला सोशल मीडिया इंचार्ज मनोनीत किया तथा सभी को मनोनयन पत्र सौंपे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने *राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब व प्रदेश अध्यक्ष माननीय शौकत अली साहब* के नेतृत्व में प्राप्त उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निवर्तमान जिला संगठन मंत्री इमरान अज़्हरी, निवर्तमान जिला महासचिव अन्ने सकलैनी अंसारी, जिला सचिव शुजा नक़वी, फॉउंडर मेम्बर आमिर हुसैन जमाली, बिथरी विधानसभा सचिव मोहिद रज़ा खान, अज़ीम खान, रिज़्वान खान,अज़ीम हुसैन,चाँद,रिज़्वान खान,आदि उपस्थित रहे। इस दौरान दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।




# नदीम अहमद फारूकी की अध्यक्षता में जिले में सपा का बढ़ रहा कुनबा

## सपा जिलाध्यक्ष की कार्यप्रणाली से कार्यकर्ता रहते हैं काफी प्रभावित

**दैनिक बुलन्द भारत-ब्यूरो**
**मनीष श्रीवास्तव**

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के तेजतर्रार जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी अपनी पार्टी सपा के कार्यकर्ताओं के लोकप्रिय जिलाध्यक्ष के रूप उभरकर सामने आए हैं। नदीम अहमद फारूकी पार्टी में जिलाध्यक्ष के पद पर पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवा देते आऐ है इनकी कार्यप्रणाली से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी काफी प्रभावित है। वही कई वर्षों से सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी फर्रुखाबाद सपा की कमान संभाले हुए हैं। देखा जाऐ तो श्री नदीम अहमद फारूकी की अध्यक्षता में काफी तादाद में सपा की सदस्यता लोगो ने ग्रहण की है जिससे जनपद में सपा का कुनबा बढ रहा है। नदीम अहमद फारुकी पार्टी के प्रति उनकी सक्रियता से पार्टी कार्यकर्ता काफी प्रभावित रहते हैं जिलाध्यक्ष की अक्सर प्रशंसा होते पाई जाती है। वही नदीम अहमद फारुकी राजनीतिक सियासत के दांवपेच भली-भांति जानते हैं और विपक्षियों पर अक्सर निशाना साधते हुए बरसते नजर आते हैं। वही पार्टी की नीतियों को कार्यकर्ता से लेकर जनता तक पहुंचाते आए हैं और सपा फर्रुखाबाद के कर्मठ जिलाध्यक्ष बने है।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी पीएम-किसान योजना की 9वीं किस्त



## प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र और गोवा में लाभार्थियों से बातचीत की

**दैनिक बुलन्द भारत - ब्यूरो मुंबई**
**के . रवि ( दादा )**

**पणजी/मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पीएम-किसान योजना की अगली किस्त जारी की । इस योजना के माध्यम से लगभग 9.75 करोड़ लाभार्थी कृषक परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से आज 19,500 करोड़ रुपये से अधिक जारी किए गए । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत अब तक किसानों को 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये का वितरण किया जा चुका है । प्रधानमंत्री ने आज पीएम-किसान योजना के लाभार्थियों से बातचीत की । गोवा की एक महिला लाभार्थी श्रीमती प्रतिभा वेलिप बातचीत के लिए उपस्थित थीं । प्रधानमंत्री से बात करते हुए प्रतिभा वेलिप ने कहा कि वे काजू, नारियल और केले जैसी मिश्रित फसलों की खेती करते हैं । उन्होंने धान की खेती के लिए श्री पद्धति को अपनाया है । उन्होंने कहा कि इस विधि से कम लागत में अच्छी उपज मिलती है ।

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रतिभा वेलिप से पूछा कि क्या पीएम-किसान योजना से प्राप्त धन से कोई लाभ हुआ है । पीएम-किसान योजना से प्राप्त राशि से उर्वरक, बीज और कीटनाशक की खरीद की गई है । प्रतिभा वेलिप ने कहा कि पीएम-किसान योजना से परिवार को फायदा हुआ है।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने रत्नागिरी के आम उत्पादक देवेंद्र जापडेकर से बातचीत की । देवेंद्र जापडेकर ने कृषि अवसंरचना योजना के तहत कर्ज लिया है । इससे उन्होंने आम की खेती केंद्र की स्थापना की है । इससे आम केवल 4-5 दिनों में स्वाभाविक रूप से पक गया । पहले आम की परंपरागत खेती से 20-30 फीसदी फल खराब हो जाते थे । हालांकि, पकने वाले कक्ष के कारण, फसलों को नुकसान नहीं होता है और समय की बचत होती है, देवेंद्र ने कहा । प्रधानमंत्री ने इंजीनियरिंग की शिक्षा पूरी करने के बाद कृषि की ओर रुख करने के लिए देवेंद्र की सराहना की । पीएम-किसान योजना के माध्यम से किसानों को 2,000/- रुपये प्रति वर्ष की तीन किस्तें जमा की जाती हैं और लाभ हस्तांतरण योजना के माध्यम से कुल 6,000/- रुपये सीधे लाभार्थी किसान के खाते में जमा किए जाते हैं ।

# वीर शहीदों के त्याग संघर्षो से हमे लेनी चाहिए प्रेरणा - जिलाधिकारी

**दैनिक बुलन्द भारत -ब्यूरो**
**हसमत हुसैन खान**

## देश को आजादी दिलाने में शहीद हुए लोगों का देश हमेशा रहेगा ऋणी-पुलिस अधीक्षक

**श्रावस्ती।** आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव आयोजन के श्रृंखला में आज काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगाठ को पूरे जनपद मे भव्य रुप से मनाया गया। शहीद स्मारकों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा वीर शहीदों को नमन किया गया। स्कूलों, कालेजों से प्रभात रैली व तिरंगा यात्रा निकाली गयी। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। इसके अलावा सभी ब्लाक मुख्यालयों , तहसीलों एवं थानों में आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी टी0के0 शिबु व पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट/प्रशिक्षु आई0ए0एस0 परीक्षित खटाना, उपजिलाधिकारी आशुतोष एवं कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान एवं ठाकुर रोशन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इसके उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार में काकोरी शहीद स्मारक स्थल लखनऊ में मा0 राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे सभी उपस्थित जनो द्वारा देखा गया।

इस अवसर पर विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश की आजादी में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों को मेरा नमन है, जिनकी कुर्बानियों के नतीजे में आज हम आजाद भारत में स्वतंत्रता के साथ और सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि काकोरी कांड भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जोश का परिणाम था, जो देश की आजादी के इतिहास में अपना महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि हम जिस क्षेत्र में भी हैं अपने दिल में देश की सुरक्षा, स्वतंत्रता और समृद्धि के लिए बलिदान की भावना को जागृत रखें और व्यवहारिक रूप से उसका प्रदर्शन भी करते रहें, जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। उन्होंने कहा कि देश के सुरक्षित रहने से ही हम सब सुरक्षित हैं, देश शक्तिशाली और समृद्व होगा तो हम सब भी शक्तिशाली और समृद्धि होंगे।

जिलाधिकारी टी0के0 शिबु ने काकोरी कांड से संबंधित इतिहास के पन्ने पलटते हुए कहा कि काकोरी कांड की भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रान्तिकारियों द्वारा ब्रिटिश राज के विरुद्ध भयंकर युद्ध छेड़ने की ईच्छा से हथियार खरीदने के लिये ब्रिटिश सरकार का ही खजाना लूट लेने वाली टेऊन डकैती की एक ऐतिहासिक घटना थी जो 09 अगस्त 1925 को घटी। इस ट्रेन डकैती में जर्मनी के बने चार माउज़र पिस्तौल काम में लाये गये थे। इन पिस्तौलों की विशेषता यह थी कि इनमें बट के पीछे लकड़ी का बना एक और कुन्दा लगाकर रायफल की तरह उपयोग किया जा सकता था। हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन के केवल दस सदस्यों ने इस पूरी घटना को परिणाम दिया था।



इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने कहा कि काकोरी कांड जैसी तमाम घटनाओं के कारण हमारे देश के कई वीर सपूतों ने अपने को न्योछावर कर शहीद हो गये जिसके लिए देश हमेशा उन्हे नमन करता रहेगा। उन्होने कहा कि देश को आजादी दिलाने में तमाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का योगदान रहा है तमाम स्वतंत्रता सेनानी अपने को न्योछावर कर शहीद हो गये इसके लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदो के आश्रितों के लिए सरकार उनके सुख-दुख में हमेशा साथ है और उनका हमेशा सम्मान किया जायेगा।

कार्यक्रम का संचालन बेसिक शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय ने किया। राष्ट्रगान के उपरान्त कार्यक्रम का समापन किया गया।

कलेक्ट्रेट में आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी गिरीश कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, प्रशासनिक अधिकारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव, जिलाधिकारी के आशुलिपिक चन्द्रमौली श्रीवास्तव, नाजिर प्रदीप तिवारी, अपर जिलाधिकारी के पेशकार के0के0 वैश्य, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक सुनील कुमार श्रीवास्तव, सहायक कोषाधिकारी अवधेश कुमार यादव सहित पूर्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोबेशन विभाग, कौशल विकास, बचत, सूचना विभाग, निर्वाचन, आबकारी, भूलेख आदि विभागो के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे तदोपरान्त आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ही कलेक्ट्रेट परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय विधायक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट/प्रशिक्षु आई0ए0एस0, उपजिलाधिकारी आशुतोष, जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी एवं जिला सूचना अधिकारी ने पाम का वृक्ष लगाकर लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का सन्देश दिया।

आजादी के अमृत महोत्सव के ही अवसर पर क्रमशः विकास खण्ड मुख्यालय इकौना परिसर में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर ब्लाक प्रमुख श्रीमती मिथलेश पाण्डेय, उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी, परियोजना निदेशक इन्द्रमणि सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, विकास खण्ड गिलौला में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर माननीय ब्लाक प्रमुख पूजा देवी, खण्ड विकास अधिकारी एस0पी0 सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी भरत भूषण जायसवाल एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, विकास खण्ड जमुनहा में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश आर्या, उपाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम, खण्ड विकास अधिकारी डा0 जितेन्द्र नाथ दुबे, जिला पंचायत प्रतिनिधि कमलेश मिश्रा, नोडल अधिकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी एवं भवानी सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, विकास खण्ड हरिहरपुररानी में शहीद स्मारक स्थल पर वरिष्ठ नागरिक गिरधारी पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं विकास खण्ड सिरसिया में प्रमुख प्रतिनिधि, उपायुक्त एन0आर0एल0एम0/खण्ड विकास अधिकारी सिरसिया रविन्द्र कुमार चतुर्वेदी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति/विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने फूलमाला चढ़ाकर शहीदों को नमन किया।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर काकोरी शहीद स्मारक स्थल लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन का लाइव प्रसारण सूचना विभाग के एल0ई0डी0 वैन द्वारा किया गया, जिसे सभी उपस्थित जनो द्वारा देखा गया।

# बेसिक शिक्षा कल्याण समिति ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन





## स्कूल संचालकों के हितार्थ सड़कों पर संघर्ष करेगी समिति - सर्वेश पाठक

**दैनिक बुलन्द भारत - ब्यूरो**
**भरत सिंह पटेल**

**बरेली।** मान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों के संगठन बेसिक शिक्षा कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के आवाहन पर 9 जुलाई 2021 को प्रदेश के 7 जिलों में बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन। समिति ने अतिशीघ्र स्कूलों को खोला जाए तथा निजी स्कूलों को आरटीआई के दायरे से दूर रखे जाने की पुरजोर मांग की है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश पाठक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार निजी स्कूलों को समाप्त करना चाहती है। पिछले 2 वर्षों से कोरोना का भय दिखाकर प्रदेश भर के निजी स्कूलों को बंद करवा रखा है तथा सरकारी स्कूलों को यथावत कामकाज करवा रही है। सर्वेश पाठक ने कहा प्रदेश भर में शराब की दुकान से लेकर बाजार, माल जैसे भीड़भाड़ वाले संस्थान खोल दिए गए हैं। लेकिन निजी स्कूलों को खोलने पर कोई विचार सरकार नहीं कर रही है। पिछले 2 वर्षों से स्कूल बंद होने से स्कूल संचालक, अध्यापक तथा अन्य कर्मचारी आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैं। बच्चों के भविष्य के निर्माता आज अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए दूसरे छोटे धंधे करने को मजबूर हो गए हैं। देश का भविष्य कहे जाने वाले बच्चे शिक्षा से कोसों दूर हैं। सर्वेश पाठक ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा कल्याण समिति स्कूल संचालकों के हितार्थ सड़कों पर संघर्ष करेगी। उन्होंने सरकार से तत्काल निजी स्कूलों को खोले जाने की मांग की। इस दौरान प्रदेश महासचिव राजीव यादव, प्रदेश प्रवक्ता हिरदेश सिंह, विजय बहादुर सक्सेना, रामकृष्ण शुक्ला, गिरीश पटेल, मनोज कुमार मिश्रा, मोहम्मद फराज, आसिफ अली, राशि पाराशरी, रूपाली गुप्ता आदि स्कूल संचालक मौजूद रहे

# थाना खुटहन द्वारा पच्चीस हजार इनामिया, हिस्ट्रीशीटर, मुठभेड़ में गिरफ्तार

**दैनिक बुलन्द भारत-- ब्यूरो जौनपुर**
**अमित कुमार**

**जौनपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ संजय कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के मार्गदर्शन में प्र0नि0 बिजेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल के मु0अ0सं0-229/21 धारा-386 भादवि व मु0अ0सं0 -230/21 धारा-386/506 भादवि में वांछित चल रहे अभियुक्त ओमप्रकाश पाण्डेय पुत्र शारदा पाण्डेय निवासी ग्राम भटेहरा थाना बदलापुर की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में मामूर थे उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी न होने के कारण व्यापारी वर्ग तथा दुकानदार वर्ग में काफी आक्रोश व्याप्त था, मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त ओमप्रकाश पाण्डेय जिसके बदलापुर से होते हुए मोटर साइकिल से पिलकिछा की तरफ आने की सूचना पर पिलकिछा पुलिया से थोडा आगे बदलापुर मार्ग पर पुलिस बल के साथ चेंकिग किया जा रहा था कि एक व्यक्ति तेज गति से मोटर साइकिल से बदलापुर की तरफ से पिलकिछा पुलिया की तरफ आता दिखाई दिया, पुलिस पार्टी के चेकिंग हेतु रोकने पर अभियुक्त जान से मारने की नियत से पुलिस पार्टी पर फायर करने लगा किसी तरह बचते बचाते आत्मरक्षार्थ प्र0नि0 खुटहन द्वारा फायर किया गया जिससे अभियुक्त ओमप्रकाश पाण्डेय को गोली अभियुक्त घायल हो गया। जिसे हिरासत पुलिस में लेकर त्वरित गति से दवा इलाज हेतु सीएचसी खुटहन भेजा गया जहाँ पर प्रथम उपचार के उपरान्त जिला अस्पताल जौनपुर लाया गया, बेहतर इलाज हेतु वाराणसी रेफर किया गया है। ओम प्रकाश पांडेय व्यापारियों से जबरदस्ती भय दिखाकर वसूली करता था। गिरफ्तार ओमप्रकाश पाण्डेय पुत्र शारदा पाण्डेय निवासी ग्राम भटेहरा थाना बदलापुर जौनपुर ( ।।स् ङ्क 1।) थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। पुलिस ने 23 अन्य मुकदमों का विवरण दिया है जो इनके खिलाफ मुकदमे विचाराधीन है।





# दोस्तों के साथ आया युवक नदी में डूबा

## युवक की तलाश में बाहर से बुलाये गए गोताघोर परिजनों ने प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप

**दैनिक बुलन्द भारत - ब्यूरो**
**अबधेश शर्मा**

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के धनेटा का रहने वाला युवक रिषभ सिंह आज सुबह में अपने दोस्तों के साथ सावन माह का तीसरा सोमवार होने के कारण गोरा लोकनाथ पुर में रामगंगा नदी में नहाने के लिए गया था । जहां पर अपने दोस्तों के साथ नहा रहे रिषभ नदी में पानी अधिक होने के कारण डूब गया। जिसके बाद उसके दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की मगर रिषभ का कुछ भी पता नही चला, तो उसके दोस्तों ने रिषभ के परिवार वालों को सूचना दी कि ऋषभ नदी में डूब गया। जिसका कोई पता नही चल रहा ।रिषभ के परिजनों को मामले की सूचना मिलते ही आनन फानन में मौके पर पहुच गए । जिसके बाद स्थानीय लोगों ने युवक के नदी में डूबने की सूचना प्रशासन को दी । मगर प्रशासन की ओर से काफी देरी बाद अधिकारी मौके पर पहुचे । जिस पर ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया । घटनास्थल पर पहुंचे प्रशासन के अधिकारियों ने नदी में पानी अधिक होने के कारण जिले के अधिकारियों से बाहर से गोताघोर बुलाये जाने की मांग की । घटनास्थल पर युवक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है । आशंका जताई जा रही है कि नदी मे पानी का बहाव तेज़ होने के कारण युवक बहकर आगे निकल गया हो । फिलहाल खबर भेजे जाने तक नदी में डूबे युवक की तलाश जारी थी ।





# सावन मे चढ़ा भक्तो को शिव भोले का रंग

## सरया बुजुर्ग के प्राचीन शिव मंदिर में भक्तों ने किया जलाभिषेक

**दैनिक बुलन्द भारत--ब्यूरो**
**धर्मेन्द्र कुमार कन्नौजिया**

**तमकुहीराज/कुशीनगर।** आज सावन के तीसरे सोमवार को सरया बुजुर्ग के प्राचीन शिव मंदिर में हजारों की संख्या में दूर दूर से पहुंचे शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया सावन के महीने मे भोले शंकर के भक्तो मे भक्ति का रंग न हो ऐसा कभी हो नही सकता भक्ति से किसी को भी अपने ओर खींच सकता और खासकर सावन के पावन महीने में भक्तो मे कुछ अलग ही तरह की भक्ति देखने को मिलता हैं।

कुशीनगर जिले के प्राचीन शिव मंदिर जो कि तमकुहीराज ब्लाक के ग्राम सभा सरया बुजुर्ग में स्तिथ हैं जो कि बहुत ही प्राचीन शिव मंदिर के नाम से विख्यात है। जहाँ पर इस जिले से लेकर अन्य पड़ोसी जिले बिहार से भी भारी संख्या में बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए पहुचते हैं और इस मंदिर में खासकर सोमवार व शुक्रवार को ज्यादातर शिव भक्त रुद्राभिषेक करते हैं ताकि भोलेनाथ की कृपा उन पर बनी रहे। उसके बाद से वहाँ उपस्थित लोगों को प्रसाद भी ग्रहण कराते हैं। इस दौरान सावन के महीने में सोमवार व शुक्रवार के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिलती है।इस दौरान भक्तो को कोई असुविधा न हो इसके लिए पटहेरवा थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह पुलिस की व्यवस्था वहाँ की निगरानी व श्रद्धालुओं को दिक्कतों से बचने के लिए किये रहते हैं और खुद भी उसका मुआयना करते हैं इस दौरान समउर के चौकी इंचार्ज के साथ उनके स्टाप जब तक श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक करके वापस न चले जायें तब तक प्रशासन की मौजूदगी वहाँ पर रहती है।



# काकोरी कांड की वर्षगांठ पर वीर शहीदों को नमन : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने वीर काकोरी पहुंचकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, परिजनों का किया सम्मान



**लखनऊ ।** काकोरी ट्रेन एक्शन कांड की 97 वीं वर्षगांठ के अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ ने काकोरी में शहीदों को नमन किया। राज्यपाल ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि शहीदों के प्राणों का महत्व समझते हुए ऐसे कार्य करें, जिससे देश व देशवासियों को लाभ हो। देशवासियों में जोश भरने के उद्देश्य से काकोरी कांड की घटना को अंजाम दिया गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा काकोरी कांड की घटना से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।9अगस्त 1925 वह ऐतिहासिक तारीख् है,जिस दिन क्रांतिकारी राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, राम प्रसाद बिस्मिल ठाकुर रोशन सिंह,असफाख उल्ला खाँ,अपने क्रांतिकारी साथियो के साथ योजना बद तरीके से अंग्रेजो द्वारा सहारनपुर डाउन पैसेंजर से लिए जा रहे खजाने को लूट लिया था। जिससे देश मे हलचल मच गई थी। इस घटना से अंग्रेजी शासन की नींव हिल गई थी। मुख्य अतिथि राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी के परिवार जनों को साल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## क्या है काकोरी कांड

स्वतंत्रता आंदोलन को तेज करने के लिए धन की जरूरत थी। इसके लिए क्रांतिकारियों ने शाहजहांपुर में एक मीटिंग की। इसमें राम प्रसाद बिस्मिल ने अंग्रेजी सरकार का खजाना लूटने की योजना बनाई। इसके अनुसार राजेंद्रनाथ लाहिड़ी ने 9 अगस्त 1925 को लखनऊ के काकोरी रेलवे स्टेशन से छूटी आठ डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को चेन खींचकर रोका।

क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में अशफाकउल्ला खां, पं. चंद्रशेखर आजाद और अन्य सहयोगियों की मदद से ट्रेन पर धावा बोला। उन्होंने सरकारी खजाना लूट लिया। इसे ही काकोरी कांड के नाम से जाना जाता है। अंग्रेजी हुकूमत ने हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के कुल 40 क्रांतिकारियों पर सम्राट के विरुद्ध सशस्त्र युद्ध छेड़ने, सरकारी खजाना लूटने और मुसाफिरों की हत्या करने का केस चलाया। इसमें राजेंद्रनाथ लाहिड़ी, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को फांसी की सजा सुनाई गई। इस केस में 16 अन्य क्रांतिकारियों को कम से कम 4 साल की सजा से लेकर अधिकतम कालापानी और आजीवन कारावास तक का दंड दिया गया।

# 40 रुपए के लिए पेट्रोल पंप कर्मी को घसीटा

## 20 लाख की कार लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंचे थे रईसजादे, हवा भरने के बाद कर्मचारी ने पैसे मांगे तो विंडो पर लटकाकर जान लेने का किया प्रयास



**लखनऊ ।** रईसजादों की फटीचरों वाली हरकत सामने आई है। यहां पारा थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप 20 लाख की कार में फ्यूल भराने पहुंचे कार ड्राइवर ने कर्मचारी की जान लेने की कोशिश की। पंप कर्मी का कार की विंडो में लटके हुए वीडियो सामने आया है। दरअसल, फ्यूल भरवाने के बाद कार ड्राइवर ने टायर में नाइट्रोजन भरवाया। कर्मचारी ने 40 रुपए मांगे तो उसे विंडो पर लटकाकर घसीट लिया। इससे पंप कर्मी की जान पर आफत बन आई। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली। लेकिन गाड़ी वालों का पता नहीं लगा पाई।

पारा थाना क्षेत्र के मोहान रोड पर एक पेट्रोल पंप है। पुलिस का कहना है कि रविवार दोपहर 2 बजे की पेट्रोल पंप पर कार (यूपी 32 एलआर 8454) पहुंची। कार ड्राइवर ने 40 रुपए की नाइट्रोजन हवा भराई। लइक नाम के कर्मचारी ने जब पैसे मांगे तो ड्राइवर ने गाड़ी दौड़ा दी। इस दौरान लाइक ने कार का अगला हिस्सा पकड़ा हुआ था और उसकी जान पर बन गई। घटना के बाद पंप के कर्मचारी पीड़ित को लेकर पारा थाने पहुंचे। यहां काफी देर तक पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में आनाकानी करती रही। सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज की। लेकिन न तो कार का पता लगाया न आरोपियों के बारे में कोई जानकारी जुटाई। पीड़ित का कहना है कि रसूखदार कार सवारों को पकड़ने से पुलिस बच रही है। किसी घटना के बाद पुलिस कार्रवाई करने की बजाय वसूली की जुगत में लग जाती है। 30 जुलाई को कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में सारे राह बेकसूर कैब चालक की पिटाई के मामले को पुलिस की वसूली ने ही तूल पकड़ा दिया। समय से आरोपी लड़की के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय पुलिस ने पीड़ित का कोतवाली लाकर उससे ही 10 हजार रुपए वसूल लिए। बाद में आरोपी लड़की के खिलाफ केस दर्ज करना पड़ा और घूस लेने वाले इंस्पेक्टर व दो दरोगा लाइन हाजिर हुए। अब पारा पुलिस कार सवार पर कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित को टरका रही है। हालांकि पारा इंस्पेक्टर राजेश कुमार का कहना है कि गाड़ी के बारे पता लगाया जा रहा है।

## भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने निकाली पदयात्रा

**मेरठ ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने वर्तमान भाजपा सरकार के खिलाफ पदयात्रा निकालकर हल्ला बोला। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर विधानसभा वार पदयात्रा निकाली गई। कांग्रेसियों ने बढ़ती महंगाई,बेरोज़गारी,दिन प्रतिदिन बिगड़ती कानून व्यवस्था व किसानों के मुद्दे पर भाजपा गद्दी छोड़ो अभियान चलाया। सोमवार को मेरठ कैंट विधानसभा में बॉम्बे बाज़ार हनुमान चौक से सदर बाजार से होते हुए दालमंडी चौक तक मार्च किया गया। कांग्रेसियों ने भाजपा गद्दी छोड़ो यात्रा निकाली। कांग्रेस नेताओं ने हाथ में झंडियां लेकर बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, बढ़ता अपराध, बेरोजगारी, ऑक्सीजन की कमी, ध्वस्त कानून व्यवस्था, किसानों की दुर्दशा, शहर की बदहाल स्थिति के मुद्दे पर यात्रा निकाली। यात्रा प्रभारी जितेंद्र कुमार गौड़, डॉ. युसूफ कुरैशी रहे। नेताओं ने कहा कि 9 अगस्त का दिन भारत के लोगो के लिए ऐतिहासिक है क्योंकि आज़ादी से पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने अंग्रेज़ो भारत छोड़ो का नारा दिया था। उसी तर्ज पर कांग्रेस ने बीजेपी की हठधर्मी व नाकारा सरकार के खिलाफ पैदल मार्च कर सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से हटाने के लिए लोगो को जागरूक कर उनका आह्वान किया है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने कहा कि बीजेपी की सरकार के छदम राष्ट्रवाद से जनता त्रस्त है। पूरे देश को एकसूत्र में बांधना,सामाजिक सदभाव व उन्नति प्रगति के रास्ते पर चलना ही देशभक्ति है।

## भाजपाइयों ने कभी नहीं दी शहादत, स्वतंत्रता आंदोलन से भाजपा-आरएसएस का कोई संबंध नहीं : अखिलेश



**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अगस्त क्रांति दिवस के मौके पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भाजपा और उसके मूल संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का स्वतंत्रता आंदोलन से कोई संबंध नहीं था।

सोमवार को सपा मुख्यालय से जारी एक बयान में यादव ने कहा कि भाजपा और उसके मूल संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का स्वतंत्रता आंदोलन से कोई संबंध नहीं था। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में काकोरी शहीद स्मारक का आयोजन भाजपा का ढोंग है। गौरतलब है कि आजादी की लड़ाई के काकोरी कांड की वर्षगांठ पर सोमवार को भाजपा ने शहीदों को नमन कार्यक्रम का आयोजन किया।

सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि अगस्त क्रांति दिवस के एक दिन पूर्व आगरा में पुलवामा के अमर शहीद की पत्नी एवं बेटों को, शहीदों के लिए की गयी घोषणाओं की पूर्ति की मांग करने के लिए मुख्यमंत्री से मिलने न देकर अपमानित कर भगा देना अति निंदनीय घटना है।

यादव ने कहा कि भाजपाइयों ने कभी शहादत नहीं दी, वह शहीदों का सम्मान करना क्या जानें, भाजपा सामाजिक सद्भाव के खिलाफ काम करती है और अंग्रेजों की तरह भाजपा की कोशिश समाज का विघटन करने की रहती है, इससे सतर्क रहने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि अगस्त क्रांति के शहीदों का सपना देश में किसान, मजदूर और युवाओं का राज स्थापित करना था जिससे सभी को हक एवं सम्मान का जीवन हासिल हो सके और इस सपने को साकार करने की जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी की है। सपा प्रमुख ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पास युवा नेतृत्व, युवा साथियों की ताकत, संघर्ष से न डिगने वालों एवं किसानों और गरीब श्रमिकों का जीवंत समूह है तथा आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक परिवर्तन के लिए युवाओं, किसानों, मेहनतकशों और समाज के विचारशील वर्गों की सहभागिता ही समाजवादी पार्टी की ताकत है। यादव ने कहा कि देश की विविधता को नष्ट करने की साजिशों के दौर में संवैधानिक मूल्यों को बचाने तथा हर नागरिक का समृद्ध एवं सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करने के लिए समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध है।

## सोशल मीडिया पर फैलता जा रहा हैकर्स का जाल, मायावती का ऑफिशियल वेबसाइट हैक



**लखनऊ ।** आज का युग इंटरनेट और सोशल मीडिया का युग है। वहीं साइबर क्राइम का ग्राफ भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। लिहाजा हैकर्स सोशल मीडिया पर अपना जाल फैलाते जा रहे हैं। हद तो तब हो गई जब हैकर ने उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती का ऑफिशियल वेबसाइट सुश्री मायावती डॉट इन हैक कर लिया। बता दें कि सुश्री मायावती डॉट इन वेबसाइट का लिंक मायावती के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर मौजूद है। बता दें कि ट्विटर पर मायावती के 20 लाख से ज्यादा फॉलोअर हैं। वहीं इस लिंक को क्लिक करने पर कुमुद रंजन नाम के व्यक्ति का ट्विटर अकाउंट खुल रहा है। वहीं जानकारों के मुताबिक संभव है कि कुमुद रंजन नाम के शख्स ने ही वेबसाइट को हैक किया हो उसके ट्विटर अकाउंट पर भाजपा विरोधी तमाम पोस्ट मौजूद हैं।

## उफनती नदी में नजर आये मगरमच्छ के मुंह में फंसी महिला की लाश, वीडियो वायरल



**जालौन।** आबादी के हिसाब से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश पूर्वांचल के जिलों में गंगा समेत अन्य नदियां उफान पर हैं। सैकड़ों गांवों के साथ स्कूल-कॉलेज में भी पानी घुस गया है। गांव के पानी से घिर जाने की वजह से दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है। ऐसे में लोग जैसे भी संभव हो रहा है अपने परिवार व पालतू जानवरों के साथ सुरक्षित स्थानों की ओर रुख कर रहे हैं। एनडीआरएफ व जल पुलिस व्यवस्था में लगी हुई है। वहीं प्रदेश के जालौन जिले में बाढ़ और उफनती नदियों की त्रासदी के बीच अजीबोगरीब वीडियो सामने आया है। जहां एक नदी में मगरमच्छ के मुँह में दबी महिला का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं वीडियो को देखकर लोगों में भय व्यापत हो गया है।

बता दें कि यमुना बेतवा और अन्य नदियों के उफान के बाद अजीबोगरीब वीडियो से ग्रामीणो में दहशत व्याप्त है। वहीं सोशल मीडिया पर यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। साथ ही यह चर्चा का विषय भी बना हुआ है। हालांकि वीडियो किस नदी का है ये स्पष्ट नहीं हुआ है। अधिकारी मामले को लेकर जांच की बात कह रहे हैं।

## जमीनी विवाद में चचेरे भाई ने युवक का गला रेता, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद ।** जमीनी विवाद के चलते चचेरे भाई ने घर पर में घुसकर चाकू से युवक का गला रेत दिया। परिजनों ने घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। कटघर थाना क्षेत्र के गांव खड़कपुर बाजे निवासी योगेश सिंह का अपने चचेरे भाई सुरजीत सिंह से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जिसके चलते आये दिन दोनों पक्षों में मारपीट होती रहती है। बीते शनिवार की रात योगेश सिंह परिवार के साथ अपने कमरे में सो रहा था। जबकि उसका भाई नितिन आंगन में सो रहा था। देर रात लगभग एक बजे चचेरा भाई सुरजीत सिंह घर में घुस आया और उसने आंगन में सो रहे नितिन पर हमला बोल दिया। जब तक नितिन कुछ समझ पाता, उससे पहले ही सुरजीत ने चाकू से उसका गला रेत दिया। शोर मचने पर परिवार के अन्य लोग भी जाग गए। इसी बीच हमलावर सुरजीत मौके से फरार हो गया। परिवार के लोगों ने देखा कि नितिन लहूलुहान हालत में घर के आंगन में पड़ा है। आनन-फानन में परिवार के लोग घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## कनाडा से आये युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ नाका इलाके में करीब दस माह पहले कनाडा से अपने घर आये युवक ने आज सोमवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाका इलाके के पानदरीबा निवासी अनुरुप सिंह के 26 वर्षीय पुत्र आदित्य सिंह ने आज सुबह अपने बाथरुम में फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आदित्य सिंह कनाडा में एक निजी कंपनी में नौकरी करता था और उसने वहीं एक लड़की से शादी कर ली थी। उन्होंने बताया कि आदित्य के पिता अनुरूप सिंह ट्रांसपोर्टर थे और उन्होंने पिछले साल मामूली बात पर शराब के नशे में अपनी पत्नी की मामूली बात पर लाइसेंसी पिस्टल से हत्या करने के बाद खुद भी गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी।इस घटना की जांच कर रहे पुलिस उप निरीक्षक नीरज द्विवेदी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला कि माता-पिता की मौत के बाद आदित्य सिंह पिछले साल अक्टूबर में कनाडा से लखनऊ आ गया था और उसकी पत्नी वहीं थी। इस साल कोरोना के चलते उसके दादा की भी मृत्यु हो गई थी।

## मकान की दीवार गिरने से किशोर की मौत, अचानक धंसी जमीन में समा गया खोखा

**आगरा ।** रविवार से हो रही बारिश ने लोगों को खासा परेशान कर रखा है। बारिश के चलते रविवार को मकान की दीवार गिरने से घायल किशोर की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। रात भर जलभराव के बाद कालिंदी विहार मे अचानक सड़क पर गहरा गड्ढा होने से सब्जी का खोखा उसमें समा गया। चंबल नदी में बाढ़ के चलते तटीय इलाकों के लोग गंदगी से बीमार हो रहे हैं। रविवार शाम को जबरदस्त बारिश हुई थी। एत्माउद्दौला क्षेत्र के एक गोदाम में रहने वाले बिहार के मनोहर का 11 वर्षीय बेटा सत्यम गोदाम के किनारे दीवार के पास बारिश में नहा रहा था। इसी दौरान दीवार गिर गई और सत्यम उसके नीचे दब गया। आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकाला। सोमवार को उपचार के दौरान निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। कालिंदी विहार 100 फुटा रोड पर लोकहितम हॉस्पीटल के सामने सोमवार सुबह करीब पांच बजे सड़क धंस गई। सड़क पर बने डिवाइडर पर मूल रूप से फिरोजाबाद के रहने वाले विनोद कुमार एक लकड़ी का खोखा रखा था। इसमें विनोद सब्जी की दुकान करता था। सुबह जब विनोद सब्जी मंडी जाने के लिए अपनी दुकान पर पहुंचा तो देखा कि वहां गहरा गड्ढा हो रहा था। गड्ढ़े में उसका खोखा भी समा गया था। विनोद कुमार की पत्नी ने बताया कि 12 हजार का खोखा बनवाया था और उसमें 5 हजार की सब्जी रखी थी।

## ब्राह्मण समाज के लोगों को एकजुट होने का बसपा के राज्यसभा सदस्य ने किया आह्वान



**अमरोहा ।** बसपा के राज्य सभा सदस्य सतीश चंद्र मिश्र ने प्रबुद्ध वर्ग विचार गोष्ठी में ब्राह्मण समाज के लोगों को एकजुट होने का आह्वान किया। भाजपा सरकार की नीतियों पर सिलसिलेवार जोरदार हमला बोला। इसके साथ ही मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव के कार्यकाल से आगाह कराया। कहा कि 2022 का चुनाव आ गया है।

धर्म के ठेकेदारों से होशियार रहें, क्योंकि यह अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकते हैं। राम मंदिर के चंदे के बारे में जनता को बताने से कतरा रहे हैं। प्रदेश में ब्राह्मण समाज के लोगों की चुन-चुन कर हत्या हो रही हैं। आईपीएस अफसर भी षड्यंत्र में शामिल हैं। सतीश चंद्र मिश्र ने सपा सरकार और भाजपा के कार्यकाल को एक बताया। कहा कि गलत काम हो रहे हैं। दोनों दलों के कार्यकाल में केवल झंडा और चेहरा बदला हुआ है। वह सोमवार को जोया रोड स्थित होटल में बसपा के प्रबुद्ध वर्ग विचार गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 50 मिनट के संबोधन में कहा है कि साढ़े चार साल के कार्यकाल में प्रदेश की जनता पूरी तरह परेशान हो गई है। सर्वाधिक नुकसान ब्राह्मण समाज के लोगों का हुआ है। वर्ष 2017 के चुनाव में बहकावे में आ गए, अब समाज सर्वाधिक नुकसान झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या से शुरू हुआ कार्यक्रम अमरोहा तक 23वां जिले में आया है। यह प्रदेश के 75 जिलो में पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ब्राह्मण समाज की तादात 16.3 प्रतिशत है, लेकिन सरकारी आंकड़ें 13 प्रतिशत के हैं। ऐसे में ब्राह्मण और दलित एकजुट हो गए तो सरकार बननी तय है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज केवल ब्राह्मण है। इसमें कोई अलग नहीं है। उन्होंने कहा कि एकजुट रहें, लोगों के साथ जुड़ें और दूसरों को भी जोड़ें। ऐसे में भाईचारा बनने से पिछड़ी, अति पिछड़ी जातियां और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग जुट जाएंगे। यह एकजुटता प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा सीट पर भारी पड़ेगी। उन्होंने बसपा सरकार के दौरान ब्राह्मणों की सरकार में भागीदारी का जिक्र किया। कहा कि 15 कैबिनेट मंत्री ब्राह्मण समाज के रहें। प्रदेश में पांच हजार सरकारी वकीलों की भर्ती कराई थी। कानून का राज्य साबित किया। उस वक्त रात 12 बजे के बाद महिलाएं घर से बाहर निकलने से नहीं डरती थीं।

## छात्राओं ने जिलाधिकारी का किया घेराव



**मुरादाबाद ।** आजादी के जश्न को लेकर पंचायत भवन में हो रहे कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह का श्री साईं कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने घेराव कर लिया। छात्राएं यूपी बोर्ड परीक्षा में अनुपस्थित दिखाए जाने के कारण लगातार विरोध कर रहीं हैं। सोमवार को भी नौ दिन बीत जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण भविष्य खराब होने का हवाला देकर विरोध जता रहीं थीं। उनके अभिभावक भी साथ थे। बाद में छात्राओं ने बारिश के बीच ही शहर में जाम लगा दिया। जाम से पूरा शहर के लोग परेशान रहे।

जिलाधिकारी ने छात्राओं को समझाया कि उनका परिणाम घोषित कराने के लिए प्रक्रिया चल रही है और जल्द परिणाम आ जाएगा। लेकिन, छात्राएं निश्चित समय बताने और विद्यालय के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गईं। जिलाधिकारी के साथ एसएसपी पवन कुमार भी थे। छात्राओं के उग्र तेवर देखकर प्रशासन का मामला बताकर एसएसपी वहां से चल दिए। एसएसपी बिना बात किए जाने लगे तो छात्राएं ने उनकी कार के आगे खड़ी हो गईं। पंचायत भवन परिसर में तैनात पुलिस कर्मियों ने जैसे-तैसे उनकी कार को वहां से निकलवाया। इसके बाद जिलाधिकारी वहां से अपनी कार में बैठकर जाने लगे तो छात्राओं ने उनको फिर से घेर लिया। वह भी जैसे-तैसे वहां से निकले। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्राओं और उनके अभिभावकों को समझाया। छात्राओं का आरोप है कि कालेज में फीस जमा नहीं किए जाने के कारण अनुपस्थित दिखाया गया, इसके कारण वह फेल हो गईं। परिणाम आने के बाद उन्होंने धरना प्रदर्शन भी किया था। तब जिलाधिकारी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव से वार्ता की थी। वहां से छात्राओं की रिपोर्ट मांगी थी। जिला विद्यालय निरीक्षक रिपोर्ट भेज चुके हैं। तीन या चार अगस्त तक परिणाम घोषित करने का आश्वासन दिया गया था।

# लापरवाही या कुछ और, सिपाही की मैगजीन से भरी कार्बाइन बस में छूटी, सेना के जवान ने इंस्पेक्टर को सौंपी



**मेरठ ।** सेना के जवान ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए ईमानदारी दिखाई है। रविवार रात को बरेली से रोडवेज बस में अपने घर कंकरखेड़ा छुट्टी पर आ रहे सेना के जवान के बराबर वाली सीट पर नशे में यूपी पुलिस के सिपाही की कार्बाइन छूट गई। रात में सिपाही गजरौला उतर गया। जवान की नजर जब कार्बाइन पर पड़ी तो वह हैरत रह गए। जवान को बस में पुलिस का सिपाही दिखाई नहीं दिया। उसके बाद जवान ने कार्बाइन को अपने बैग में रख लिया और कंकरखेड़ा थाने में सोमवार आकर इंस्पेक्टर को प्रकरण बताते हुए सौंप दी। कार्बाइन की मैगजीन में जिंदा 30 गोली भरी हुई थी।

मूल रूप से बुलंदशहर के थाना अघोता क्षेत्र स्थित गांव खेड़ी निवासी रोहित कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह वर्तमान में कंकरखेड़ा की खिर्वा रोड स्थित अमोलिक एनक्लेव कॉलोनी में पत्नी प्रवेश देवी और दो बच्चे खुशी वह जानवी के साथ रहते हैं। रोहित कुमार भारतीय सेना की जाट रेजीमेंट में बरेली में तैनात है। रोहित कुमार ने बताया कि दस दिन की छुट्टी लेकर रविवार शाम को बरेली से घर के लिए चले थे। बरेली से रोडवेज बस सोहराब गेट डिपो की मिल गई थी। बस की जिस सीट पर रोहित बैठे थे, इन्हीं की बगल में यूपी पुलिस की वर्दी पहने एक सिपाही बैठा था। सिपाही नशे में था और गले में कार्बाइन लटकी हुई थी। थकान होने की वजह से रोहित सो गए। जब नींद से जागे तो गजरौला पार हो चुका था। रोहित की बगल वाली सीट पर कार्बाइन रखी हुई थी, जबकि सिपाही मौजूद नहीं था। रोहित ने सिपाही को बस में देखा, मगर वह नहीं दिखाई दिया। रोहित के अनुसार हथियार ऑटोमेटिक है, जिस वजह से उन्होंने किसी अन्य से न पूछते हुए कार्बाइन को अपने बैग में रख लिया और मेरठ के कंकरखेड़ा थाना पुलिस को सौंपने की सोची।

सोमवार को जवान अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कंकरखेड़ा थाने पहुंचकर इंस्पेक्टर तपेश्वर सागर को पूरा प्रकरण बताया। जिसके बाद मैगजीन में 30 गोली भरी कार्बाइन को इंस्पेक्टर के हवाले कर दिया। सेना के जवान की कर्तव्य और ईमानदारी को देखते हुए इंस्पेक्टर समेत थाने के पूरे स्टाफ ने शाबाशी दी। पूरा प्रकरण उच्च अधिकारियों के संज्ञान में भी डाला गया है।

पुलिस भी मान रही है कि बस में सेना के जवान के अलावा अगर यह 30 एमएम की कार्बाइन किसी शरारती तत्व या अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति के हाथ लग जाती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि यह ऑटोमेटिक कार्बाइन पुलिस के किसी सिपाही गनर की है। जो बस में छूट गई थी। पुलिस के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में डालने के बाद यह मामला लखनऊ तक पहुंच गया है। परदेश के सभी जिले की पुलिस को सूचना फ्लैश की है। आईबी और अन्य इंटेलिजेंस एजेंसी अभी इस पर नजर बनाए हुए हैं। पल-पल की जानकारी इंस्पेक्टर कंकरखेड़ा से ले रहे हैं।

# आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत काकोरी घटना की मनाई वर्षगांठ





**कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर दी शहीदों को श्रंद्धाजलि**

**दैनिक बुलन्द भारत--ब्यूरो अलीगढ़**
**नरेन्द्र शर्मा**

**अलीगढ़।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज 9 अगस्त को काकोरी घटना की वर्षगाँठ के अवसर पर देश के क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्तम्भ पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन करते हुए मा.जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती विजय सिंह, मा.कोल विधायक श्री अनिल पाराशर, डीएम अलीगढ़ श्रीमती सेल्वा कुमारी जे ने श्रद्धांजलि दी ।इसके साथ ही कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शाल, फूलमाला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आजादी का अमृत महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में मा. राज्यपाल महोदया एवं मा. मुख्यमंत्री जी का सजीव प्रसारण सुना गया। कार्यक्रम का समापन एडीएम प्रशासन श्री डीपी पाल ने किया।* इस मौके पर एडीएम सिटी श्री राकेश कुमार मालपाणी, एडीएम प्रशासन श्री डीपी पाल, एडीएम वित्त श्री विधान जायसवाल, सिटी मजिस्ट्रेट श्री विनीत कुमार सिंह, एसीएम 2 श्रीमती अंजुम बी, डीडीओ श्री भरत कुमार मिश्र, डीआईओएस श्री धर्मेंद्र शर्मा, एनसीसी कैडेट, स्काउट गाइड, पीआरडी जवान मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम का संचालन डीसीएमके नीतू सारस्वत ने किया।

# भाजपा पार्षदों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक बुलन्द भारत-ब्यूरो**
**दीपक शर्मा**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के थाना क्वार्सी इलाके के स्वर्ण जयंती नगर स्थित विवादित कब्रिस्तान को लेकर कुछ दिन पूर्व ही भाजपा और सपा के नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी जिस को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया वहीं आज भाजपा से वार्ड नं 42 के पार्षद विजय तौमर ने अपने साथी पार्षदों के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट पहुँचकर डीएम सैलवा कुमारी जे को ज्ञापन सौंपा और विवादित कब्रिस्तान की जमीन को लेकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की भाजपा से वार्ड नं 42 के पार्षद विजय तोमर ने बताया कि कब्रिस्तान की जमीन विवादित है जिसकी निष्पक्ष जांच के लिए डीएम को ज्ञापन सौंपा है अगर जांच में जमीन सरकारी पाई जाती है तो उस पर शीघ्र नलकूप को लगाने का आदेश दिया जाए क्योंकि पूर्व में भी कई शमशान घाट, कब्रिस्तान पर नलकूप लगे हुए हैं जिससे पेयजल व्यवस्था सही ढंग से सुचारू हो सके और जमीन अगर किसान की है तो उस पर किसान का मालिकाना हक दिलाया जाए

और वही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं इस मौके पर पार्षद पुष्पेंद्र जादौन, सुरेंद्र पचौरी संजय पंडित आदि मौजूद रहें।

# इंस्टीट्यूट आफ इवेंट मैनेजमेंट का शुभारंभ, मेयर डॉक्टर उमेश गौतम ने किया उद्घघाटन



**दैनिक बुलन्द भारत - ब्यूरो**
**भरत सिंह पटेल**

**बरेली।** इवेंट इंडस्ट्री की युवा विशेषज्ञ श्रुति श्वेता कुमार और विशाल शर्मा ने रुहेलखंड में पहला इवेंट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट खोलने के लिए बड़ी पहल की। इस दौरान इवेंट इंस्टिट्यूट की अध्यक्ष एवं सीईओ सुश्री श्वेता कुमार ने कहां कि इवेंट जीवन रचनात्मक और जुनून से भरा है। यदि किसी के पास अपनी रचनात्मकता को सीमा से आगे ले जाने की ऊर्जा है तो वह एक सफल इवेंट एंटरप्रेन्योर बन सकता है। इवेंट मैनेजमेंट को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रमाण पत्रों से सम्मानित किया गया है, जो उनकी सेवा की गुणवत्ता को साबित करते हैं। उद्योग की आधुनिक आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए अध्ययन संरचना तैयार की गई है। जो छात्रों को इवेंट्स में किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाती है। हमारे पास एक महान अध्ययन वातावरण और अद्भुत संकाय सदस्यों का समूह है। जो उद्योग के अपने क्षेत्र में सफल विशेषज्ञ और प्रोफेशनल्स हैं। इवेंट इंस्टीट्यूट ने बड़ा बिजनेस और डिजीपरफॉर्म, दो सफल कंपनियों के साथ साझेदारी की है। जिसके माध्यम से मैनेजमेंट में गहन अध्ययन संरचना और उद्यमिता और डिजिटल मार्केटिंग का बुनियादी ज्ञान सीखने को मिलेगा। सुश्री श्वेता कुमार ने कहा कि वह अपने छात्रों को अपना कैरियर शुरू करने के लिए 100त्न प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान करती है। बरेली रुहेलखंड क्षेत्र में पहला इवेंट मैनेजमेंट संस्थान है जो बरेली के शहर वासियों को अपने शहर में इवेंट मैनेजमेंट के बारे में सीखने और जानने का मौका देता है। आई ई एम भारत में प्रमुख इवेंट मैनेजमेंट संस्थान है। यह भारत के विशाल बहुआयामी इवेंट मैनेजमेंट उद्योग की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थापित किया गया है। बरेली के युवाओं के लिए शहर में एक सुनहरा अवसर है आई ई एम इवेंट मैनेजमेंट में अलग-अलग पाठ्यक्रम प्रदान किए गए हैं। जिन्हें डिप्लोमा इन इवेंट्स(ष्ठश्व),पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा इन इवेंट्स(क्कत्रष्ठश्व) और पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा इन एडवरटाइजिंग, मीडिया एंड इवेंट्स(क्कत्रष्ठरू्रश्व) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। आई ई एम में विशेषज्ञ प्रशिक्षण है, जो पिछले 10- 20 वर्षों से उद्योग में है। कोविड-19 के कारण छात्रों को अपनी उच्च शिक्षा और अपनी रुचि के विधाओं के लिए शहर से बाहर जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन अब आई ई एम उन्हें अपने केंद्र के साथ-साथ आई ई एम परिसर में सीखने का एक शानदार मौका दे रहा है। छात्रों को शहर के साथ-साथ पैन इंडिया में 100त्न प्लेसमेंट सहायता प्रदान की जाएगी।

# स्वर्ण जयंती नगर में कब्रिस्तान नहीं पार्क बनबाया जाए - ठा राकेश सिंह



**दैनिक बुलन्द भारत-ब्यूरो**
**नरेन्द्र शर्मा**

**अलीगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने क्लासिक रेजिडेंसी जीटी रोड धनीपुर पर एसीएम प्रथम संदीप अकेला को ज्ञापन दिया भाजपा किसान मोर्चा ब्रज क्षेत्र कहानी के सदस्य ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने ज्ञापन में कहा है कि स्वर्ण जयंती नगर में कब्रिस्तान नहीं यहां पर पाक होना चाहिए पाक होगा वह जनहित में होगा अगर अब कब्रिस्तान के नाम पर या गंदी राजनीति होती है उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने यह भी कहा है कि कब्रिस्तान यहां पर होने का कोई सवाल ही नहीं है जनहित में पहाड़ के बनी जाए तो यहां के नागरिकों को काम आएगा भाजपा किसान मोर्चा ब्रज क्षेत्र कार्यकारिणी के सदस्य ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने एसीएम प्रथम को ज्ञापन में साथ रहा है यहां पर कब्रिस्तान नहीं पाक बनेगा कब्रिस्तान के नाम पर गंदी राजनीति करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा भाजपा किसान मोर्चा उसका मुंहतोड़ जवाब देगा भाजपा किसान मोर्चा के नेता ठाकुर राजेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि पूर्व विधायक जमीर उल्लाह खान अब्बू इसहाक जो गंदी राजनीति करने के लिए कब्रिस्तान के नाम पर स्वर्ण जयंती नगर में आते हैं केवल उनका माहौल खराब करने का मकसद होता है उसे हल करने का नहीं हल करना तो नेता जानते ही नहीं क्योंकि विरोधी दल के नेता है इनकी जुबान पर अंकुश नहीं जो बोलेंगे बिना सोचे समझे बोलेंगे अगर उन्होंने अलीगढ़ की खराब करने की कोशिश की तो भाजपा किसान मोर्चा इनके लहजे में हूं मुंह तोड़ जवाब देगा राकेश सिंह के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता थे जिनका नाम पंकज नीरज सिंह ओमप्रकाश से रमन से पप्पू सिंह महेश चंद बघेल आदि सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश पूनिया कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए



**दैनिक बुलन्द भारत ब्यूरो राजस्थान**
**कमर खान**

**जयपुर।** जयपुर में अल्पसंख्यक मोर्चा बीजेपी प्रदेश कार्यकारी की एक मीटिंग हुई जिसमें राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मे राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश पूनिया जी राष्ट्रीय महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व एमपी साबिर अली अली के साथ मीटिंग मे शिरकत की और अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कमेटी से सभी पदाधिकारीयों से बातचीत की और और उनका हौसला बढ़ाया वसी हैदर ने और संगठन के सभी पदाधिकारियों से पार्टी को 2022 में फिर से योगी सरकार 350 के पार सरकार बनाएंगे यह विश्वास दिलाया साथ में रहे मोहम्मद वसी हैदर मुस्लिम राष्ट्र मंच ह्.ह्य.ह्य. व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कायस्थ चेतना मंच का हरियाली तीज



**दैनिक बुलन्द भारत-- ब्यूरो बरेली**
**रचना सक्सेना**

**बरेली।** कायस्थ चेतना मंच की कोषाध्यक्ष डॉ पूजा सक्सेना की अध्यक्षता में पार्षद सतीश चंद्र सक्सेना कातिब के निवास स्थान पर हरियाली तीज महोत्सव का कार्यक्रम बडी ही सादगी से मनाया गया? ।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी महिला पदाधिकारी पूर्व पार्षद माया सक्सेना, पार्षद शशि सक्सेना डॉं पूजा सक्सेना, मीरा मोहन , बबिता सक्सेना, ललिता सक्सेना , रचना सक्सेना, चित्रा जौहरी, रजनी सक्सेना और मंजू सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर चित्रगुप्त वंदना से की।

मल्हार गीत प्रस्तुत किया गया। अनीता जी, अमृता जौहरी और बरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश सक्सेना ने गीत प्रस्तुत किया। राधिका सक्सेना, रुचि सक्सेना, अनमोल सक्सेना और मेधांश शील ने नृत्य कर सभी का मन मोह लिया, मीरा मोहन और सुधीर मोहन ने कई गेम आयोजित किये जिसमें महिलाएं और संरक्षक डॉ पवन सक्सेना , महासचिव अमित सक्सेना, चंद्र भूषण शील, बरिष्ठ पत्रकार निर्भय सक्सेना, संभव शील और विकास सक्सेना ने भी भाग लिया। कायस्थ चेतना मंच की नवनियुक्त महिला जिला अध्यक्ष माया सक्सेना जी ने अपनी कार्यकारिणी गठित की और सभी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का सफल संचालन स्नेह राज सक्सेना ने किया, और उनका सहयोग उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना ने किया। सभी प्रतियोगियो को अध्यक्ष संजय सक्सेना और पार्षद सतीश चंद्र सक्सेना कातिब ने पुरस्कार से सम्मानित किया , अंत में अध्यक्ष जी ने अपना समापन भाषण दिया और कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। अध्यक्ष संजय सक्सेना , उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना

# मरीजों की मौत के सौदागरों पर सीएमओ की टेढ़ी नजर, मचा हड़कंप

**दैनिक बुलन्द भारत -- ब्यूरो सीतापुर**
**धर्मेन्द्र पांडेय**

**सीतापुर।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर गरीबों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप डॉक्टर कुछ समय से समाचार पत्र की सुर्खियों में अक्सर मिले हैं जैसा कि जनपद में कई ऐसी दुर्घटनाएं भी झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा हो चुकी हैं समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए हरकत में आया जिला प्रशासन। गिरेगी गाज अब झोलाछाप डॉक्टर व फर्जी हॉस्पिटल पर। स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर गरीबों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना पड़ेगा महंगा झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य महकमा गंभीर नजर आया। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर डॉ मधु गैरोला ने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ ठोस कदम उठाने के निर्देश जारी दिए हैं,,,,, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद के सभी ए एन एम और आशाओं को निर्देश दिए है कि अप्रशिक्षित चिकित्सकों का चिन्हीकरण करें, और उनकी सूची बनाकर उपलब्ध कराएं, व साथ ही डॉ मधु गैरोला ने जनपद के सभी सीएचसी अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध प्राथमिकता दर्ज कराई जाए, व सभी अधीक्षक अपने क्षेत्र का भ्रमण करते रहे झोलाछाप डॉक्टरों को चिन्हित कर उप जिलाधिकारी व पुलिस प्रशासन से संमन्वय स्थापित करते हुए नियमानुसार प्राथमिकता दर्ज करा कर कड़ी कार्रवाई करे, तथा कृत कार्रवाई से 1 सप्ताह के अंदर अधोहस्ताक्षरी एवं जिला अधिकारी महोदय सीतापुर को अवगत कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। आदेश वायरल होते देख झोलाछाप डॉक्टरों मैं मची अफरा-तफरी, किसी भी वक्त गिर सकती है गाज झोलाछाप डॉक्टर व फर्जी अस्पतालों पर।

# नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत दंगल का किया गया आयोजन



**दैनिक बुलन्द भारत -- ब्यूरो**
**निजी संवाददाता**

**सहारनपुर** - क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर में विशाल दंगल का आयोजन किया गया जिसमें दुर दराज से आए पहलवानों का स्वागत किया गया और युवाओं को नशा छोड़ने की बात कही गई नशा छोड़ कर कुश्ती मैं मेहनत करनी चाहिए दुर दराज से आए पहलवानों में मौसम अली पहलवान ने पंजाब के पहलवान को चारों खाने चीत किया मोहम्मद अली पहलवान ने अपने से बड़े पहलवान को बराबरी पर लाकर छोड़ा हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक बाबा लाडी पहलवान ने काला चीता पहलवान को चित किया बेड क्षेत्र के जाने-माने पहलवान प्रदीप शास्त्री उर्फ बिट्टू पहलवान ने अपने से बड़े पहलवान को चित किया 12 मिनट की कुश्ती 2 मिनट में ही खत्म कर दी इसके अलावा जल्लाद पहलवान तहसीन पहलवान बिलाल पहलवान मोहम्मद अली पहलवान मुन्ना पहलवान आदि पहलवान मौजूद रहे

# पाकिस्तान में गूंजे जय श्रीराम के नारे : मंदिरों में तोड़फोड़ और अल्पसंख्यकों पर हमले के खिलाफ कराची में प्रदर्शन

**करांची।** पाकिस्तान में मंदिरों में तोड़-फोड़ और अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिन्दू समाज ने हल्ला बोल दिया है। इस दौरान कराची में जमकर जय श्रीराम और हर-हर महादेव के नारे गूंजे।

रविवार को कराची प्रेस क्लब के बाहर हुए इस प्रदर्शन में हिन्दू समुदाय के अलावा भारी संख्या में सिख, ईसाई, पारसी और अन्य समाज के लोग भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों के हाथों में भगवा झंडा भी लहरा रहा था। इतना ही नहीं, विरोध कर रहे लोगों के हाथों में तख्तियां भी थीं, जिस पर वी वांट जस्टिस लिखा हुआ था।

प्रदर्शन में कराची के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी रामनाथ मिश्र महाराज भी शामिल हुए। मिश्र ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि रहीम यार खान में गुंडों द्वारा गणेश मंदिर में की गई तोड़-फोड़ निंदनीय है।

पाकिस्तान में जिस तरह से इस्लाम धर्म के खिलाफ कोई बुरा कहता या करता है तो उसे सजा-ए-मौत या उम्र कैद की सजा दी जाती है, उसी तरह से अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों का अपमान करने वाले लोगों को भी सजा मिलनी चाहिए। स्कूलों में भी बच्चों की किताबों में हिन्दुओं के खिलाफ आपत्तिजनक बातें पढ़ाई जा रही हैं।




मिश्र ने आगे कहा कि पाकिस्तान में हिन्दू और अल्पसंख्यकों के खिलाफ जुल्म और अत्याचार की इंतहा हो गई है। हमारी मांग है कि सरकार इस पर जल्द और सख्त एक्शन ले।

**कराची के मुफ्ती भी प्रदर्शन में शामिल हुए**

अल्पसंख्यकों के इस प्रदर्शन में कराची के मुफ्ती फैसल भी शामिल हुए। फैसल ने कहा कि मैं एक मुसलमान हूं, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि लोगों के बीच नफरत फैलाने वाली हरकतें नहीं होनी चाहिए। हिंदुस्तान में भी मुस्लिम अल्पसंख्यक हैं। हमारे कई रिश्तेदार भी वहां रहते हैं। उन्हें किसी भी तरह की ऐसी परेशानी नहीं होती है। पाकिस्तान सरकार को भी यहां रह रहे अल्पसंख्यकों की पूरी सुरक्षा करनी चाहिए।

**अल्पसंख्यकों पर बढ़ रहे हमले**

पाकिस्तान में हाल के दिनों में कट्टरपंथियों के हमले बढ़ गए हैं। खासतौर पर कोरोना महामारी और लॉकडाउन के दौरान हिन्दू लड़कियों के अपहरण की वारदातें आम हो गई हैं। लड़कियों को अगवा कर कट्टरपंथी दोगुने से भी ज्यादा उम्र के मुसलमानों से जबरन उनकी शादी करवा देते हैं। जुबान खोलने पर उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं।

**1947 में पाकिस्तान में थे 428 बड़े मंदिर**

ऑल पाकिस्तान हिंदू राइट्स मूवमेंट के एक सर्वे के मुताबिक बंटवारे के वक्त पड़ोसी देश में कुल 428 बड़े मंदिर थे। धीरे-धीरे इनकी संख्या कम होती चली गई। मंदिरों की जमीनों पर कब्जा कर लिया गया और वहां दुकानें, रेस्टोरेंट, होटल्स, दफ्तर, सरकारी स्कूल या फिर मदरसे खोल दिए गए। आज आलम ये है कि यहां सिर्फ 20 बड़े मंदिर बचे हैं।

**तीन फीसदी से भी कम बचे हैं हिंदू**

बंटवारे के वक्त पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी लगभग 15 फीसदी थी। हुकूमत की दमनकारी नीतियों और कट्टरपंथियों के हमलों से यह आंकड़ा लगातार कम होता चला गया। जबरन धर्म परिवर्तन इसकी सबसे बड़ी वजह रही है। जो हिन्दू बचे हैं, उन्हें लगातार कट्टरपंथियों के हमले झेलने पड़ रहे हैं। आज स्थिति यह है कि यहां 3 फीसदी से भी कम हिन्दू आबादी बची है।

# वुमनिया प्रदर्शनी में महिलाओं को भाया साज श्रंगार का सामान





**महिलाओं के हथकरघा (होम मेड) वस्तुओं का हुआ प्रदर्शन गृहलक्ष्मी फाउंडेशन ने सृजित किये रोजगार के अवसर**

**दैनिक बुलन्द भारत--ब्यूरो अलीगढ़**
**नरेन्द्र शर्मा**

**अलीगढ़।** महिलाओं के लिए लाइफ स्टाइल एवं फैशन प्रदर्शनी वुमनिया गांधी पार्क चौराहे के पास सिटी क्लब में आयोजित की गई ।यहां पर महिलाओं के आगामी प्रमुख त्योहार करवा चौथ,हरियाली तीज़,रक्षा बंधन आदि के दृष्टिगत महिलाओं द्वारा निर्मित साज और श्रंगार की वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया जो आगन्तुक महिलाओं को खूब भाया ।इस दौरान वुमनिया प्रदर्शनी का आयोजन गृह लक्ष्मी फाउंडेशन द्वारा किया गया जबकि इसका शुभारंभ भारत सरकार,दिल्ली की वरिष्ठ अधिवक्ता गीतांजलि शर्मा ने फीता काटकर व इनरव्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ.दिव्या लहरी ने दीप प्रज्वलित कर किया ।वहीं एडीएम सिटी राकेश मालपानी की धर्मपत्नी मनीषा मालपानी ने उत्कृष्ट स्टाल लगाने बाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्तसाहवर्धन किया ।आपको बता दें कि होटल धीरज पैलेस में आयोजित प्रदर्शनी की संयोजक काजल धीरज ने बताया कि महिलाओं को रोजगार के अवसर सृजित करने हेतु अलीगढ़ की गृहणियों द्वारा लगाए जाने बाली इस प्रदर्शनी में हथकरघा कलकत्ता व बनारस की साड़ियां,कॉस्मेटिक उत्पाद,हैंड मेड ज्वैलरी,अचार-पापड़,वेस्ट मैटीरियल से बने गिफ्ट आदि प्रदर्शित किए गए हैं ।प्रदर्शनी में हर्षिता गुप्ता,प्रीति अग्रवाल,रचना जैन,रेशू वशिष्ठ, रिमझिम, सीमा, तनुजा, अर्चना गर्ग, दीवा ,दिव्या, चंचल जिंदल, मिंटू,डॉली ने अपने यहां के उत्पाद लगाए।

# टोक्यो ओलंपिक से पदक जीतकर वापस लौटे खिलाड़ी, एयरपोर्ट पर हुआ दमदार स्वागत



### टोक्यो ओलिंपिक में भारत के सूरमा

| | |
|---|---|
| नीरज चोपड़ा | गोल्ड (जेवलिन थ्रो) |
| रवि दहिया | सिल्वर (रेसलिंग) |
| मीराबाई चानू | सिल्वर (वेटलिफ्टिंग) |
| पीवी सिंधु | ब्रॉन्ज (बैडमिंटन) |
| लवलिना बोरगोहेन | ब्रॉन्ज (बॉक्सिंग) |
| बजरंग पूनिया | ब्रॉन्ज (रेसलिंग) |
| पुरुष हॉकी टीम | ब्रॉन्ज |







**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के साथ सेल्फी लेने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। उनके अलावा लवलिना बोरगोहेन, बजरंग पूनिया, रवि दहिया और दीपक पूनिया भी दिल्ली पहुंचे। पुरुष और महिला हॉकी टीम का भी बैंड-बाजे के साथ स्वागत हुआ। महिला हॉकी टीम और दीपक ब्रॉन्ज मेडल मैच में चूक गए थे।

### फैन इंतजार करते रहे, खिलाड़ी वीआईपी गेट से निकले

दिल्ली एयरपोर्ट पर ओलिंपिक स्टार्स का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक मौजूद थे। मीडिया भी टकटकी लगाकर पदकवीरों का इंतजार कर रहा था। ढोल-नगाड़ों और भारत माता की जय के नारे लगाए जा रहे थे। इसी बीच जब चैंपियन्स की फ्लाइट लैंड होने की खबर मिली, तो लोगों को अपना इंतजार पूरा होता नजर आया। हालांकि, सिक्योरिटी फोर्सेस ने सभी खिलाड़ियों को रेगुलर अराइवल की जगह वीआईपी गेट से बाहर निकाला गया। इसके चलते, चैंपियन्स के फैन और मीडिया थोड़े मायूस भी नजर आए।

### नीरज की मां बेटे के लिए चूरमा लेकर एयरपोर्ट पहुंचीं

नीरज की मां सरोज देवी बेटे को देखने के लिए बेताब थीं। जैसे ही नीरज पहुंचे उनकी मां ने गले से लगा लिया। उन्होंने एयरपोर्ट पर बेटे का स्वागत मनपसंद चूरमा खिलाकर किया। नीरज की बहन संगीता का कहना है कि उनके भाई ने खूब मेहनत की है। नीरज के पिता भी बेहद खुश नजर आए।

### एयरपोर्ट पर ही खिलाड़ियों का कोरोना टेस्ट हुआ

दिल्ली एयरपोर्ट पर ओलिंपिक से लौटे सभी खिलाड़ियों का आरटी-पीसीआर और रैपिड एंटीजन किया गया। इसके बाद सभी खिलाड़ी अशोका होटल के लिए रवाना हो गए। अशोका में ओलिंपिक टीम का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। इंडियन ओलिंपिक एसोशिएसन से लेकर खेल मंत्रालय तक के अफसर खिलाड़ियों के स्वागत के लिए तैनात हैं। यहीं खिलाड़ियों के लिए खाने पीने का इंतजाम भी किया गया है।

### हॉकी टीम ने केक काटकर जश्न मनाया

भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम ने अशोका होटल में जश्न मनाया। दोनों टीमों ने होटल में केक काटा। पुरुष हॉकी टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं महिला हॉकी टीम मेडल से चूक गई। ब्रॉन्ज मेडल मैच में ग्रेट ब्रिटेन ने 4-3 से हराया था।

### क्या बोलीं बॉक्सर लवलिना?

लवलिना ने दिल्ली पहुंचने के बाद कहा कि मेरा सपना था कि मैं मेडल जीतकर भारत लौटूं। इतने दिनों के बाद यहां आकर और लोगों से मिलकर आज बहुत अच्छा लग रहा है। पेरिस 2024 में गोल्ड जीतने की कोशिश करूंगी। वहीं लवलिना के कोच शिव सिंह ने कहा कि मुक्केबाजी में ब्रॉन्ज मेडल एक सराहनीय उपलब्धि है। मुझे उम्मीद है कि हम भविष्य में स्वर्ण पदक जीतेंगे।

### क्या बोले पहलवान दीपक पूनिया?

दिल्ली पहुंचने के बाद पहलवान दीपक पूनिया ने कहा कि आप लोग का प्यार पाकर बहुत अच्छा लग रहा है, मैं देशवासियों को धन्यवाद करता हूं। 2024 के लिए तैयारी करूंगा और देश को मेडल दूंगा। यही हमारा जीत का जश्न होगा।

### भारत के लिए अब तक का सबसे सफल ओलिंपिक

टोक्यो ओलिंपिक में इस बार भारतीय खिलाड़ियों ने 7 मेडल जीते, जो अब तक के सबसे ज्यादा मेडल हैं। इससे पहले 2012 लंदन ओलिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने 6 मेडल जीते थे। पहली बार ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता है।

जबकि मीराबाई चानू ने वेटलिफ्टिंग में और रवि दहिया ने 57 किलो वेट में कुश्ती के फ्री स्टाइल में सिल्वर मेडल जीता। वहीं भारतीय पुरुष हॉकी टीम, कुश्ती के फ्री स्टाइल के 65 किलो वेट में बजरंग पूनिया, बैडमिंटन में पीवी सिंधु और बॉक्सिंग में लवलिना बोरगोहेन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## मेरा नहीं, पूरे देश का है मेडल : नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने सोमवार को खुलासा किया कि तोक्यो खेलों में इतिहास रचने वाले प्रदर्शन के बाद उनका शरीर दुख रहा था लेकिन उन्होंने जो एतिहासिक नतीजा हासिल किया उसे देखते हुए यह दर्द सहन करने में कोई समस्या नहीं थी।

सरकार ने तोक्यो खेलों के भारत के सात पदक जीतने वाले खिलाड़ियों और टीमों को स्वदेश पहुंचे पर आज शाम सम्मानित किया। इस मौके पर भाला फेंक का ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि उन्हें पता था कि फाइनल में दूसरे प्रयास में उन्होंने भाले को 87.48 मीटर की दूरी तक फेंककर कुछ विशेष किया है। चोपड़ा ने इस दूरी के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चोपड़ा ने कहा, ''मुझे पता था कि मैंने कुछ विशेष कर दिया है, असल में मैंने सोचा कि मैंने अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। मेरी थ्रो काफी अच्छी गई थी।'' उन्होंने कहा, ''अगले दिन मेरे शरीर ने महसूस किया कि वह प्रदर्शन इतना विशेष था, शरीर दुख रहा था लेकिन यह दर्द सहन करने में कोई समस्या नहीं थी।'' चोपड़ा ने कहा ये मेरा नहीं पूरे देश का है मेडल सेना के 23 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि देश के खिलाड़ियों के लिए उनका एकमात्र संदेश यह है कि कभी भी डरो नहीं। उन्होंने कहा, ''मैं सिर्फ इतना कहना चाहता, विरोधी चाहे कोई भी हो, अपना सर्वश्रेष्ठ दो। आपको बस यही करने की जरूरत है और इस स्वर्ण पदक के यही मायने हैं। कभी विरोधी से मत डरो।'' चोपड़ा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले 13 साल में पहले भारतीय खिलाड़ी के अलावा ट्रैक एवं फील्ड में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय भी बने।

## पति राज की गिरफ्तारी के बाद शिल्पा शेट्टी करोड़ों की धोखाधड़ी में बुरी फंसी, जल्द होगी मां-बेटी से पूछताछ



वैसे किसी ने सच ही कहा है मुसीबत कभी बता कर नहीं नहीं आती। अक्सर अपने ग्लैमरस लुक्स की वजह से सुर्खियां बटोरने वाली शिल्पा शेट्टी इन दिनों लगातार परेशानियों का सामना कर रही हैं। पहले तो शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पोर्न फिल्में बनाने और उन्हें एप्स पर अपलोड करने को लेकर गिरफ्तार किया गया है और इस समय राज कुंद्रा जेल में हैं।

वहीं अब शिल्पा की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ गई हैं। दरअसल शिल्पा शेट्टी और उनकी मां पर आयोसिस वेलनेस सेंटर के नाम पर लोगों से करोड़ों की ठगी करने का आरोप है। शिल्पा शेट्टी और उनकी मां सुनंदा शेट्टी पर उत्तर प्रदेश में धोखाधड़ी के एक कथित मामले में नामजद किया गया है। एक वेलनेस सेंटर के नाम पर कथित धोखाधड़ी के मामले में शिल्पा और उनकी मां सुनंदा से पूछताछ करने के लिए लखनऊ पुलिस की एक टीम के मुंबई जाने की उम्मीद है। लखनऊ के हजरतगंज और विभूति खंड थाने में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं और पुलिस ने अब दोनों मामलों में जांच तेज कर दी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक शिल्पा शेट्टी आयोसिस वेलनेस नाम से एक फिटनेस चेन चलाती हैं। इस कंपनी की अध्यक्ष शिल्पा शेट्टी हैं, जबकि उनकी मां सुनंदा निदेशक हैं। आरोप है कि शिल्पा शेट्टी और उनकी मां ने वेलनेस सेंटर की शाखा खोलने के नाम पर दो लोगों से करोड़ों रुपये लिए, लेकिन वादा पूरा नहीं हुआ। इस मामले में ओमेक्स हाइट्स निवासी ज्योत्सना चौहान ने विभूति खंड थाने में और रोहित वीर सिंह ने हजरतगंज थाने में कथित तौर पर ठगी का मामला दर्ज कराया है। हजरतगंज पुलिस और विभूति खंड पुलिस ने शिल्पा शेट्टी और उनकी मां को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। डीसीपी (पूर्व) संजीव सुमन ने कहा कि इस मामले में जांच अधिकारी सोमवार को मुंबई के लिए रवाना होकर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनकी मां सुनंदा से पूछताछ करेंगे। वह इस मामले में सभी बिंदुओं की जांच करेंगे। संजीव सुमन ने कहा कि मामला हाईप्रोफाइल है और इसलिए पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

## इस साल शादी के बंधन में बंधेंगे रणबीर और आलिया



एक्टर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों को एक-साथ अक्सर स्पॉट किया जाता है, लेकिन रणबीर और आलिया अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की है। फैंस अक्सर दोनों से सवाल करते रहते हैं कि शादी कब करोगे। हाल ही में एक्ट्रेस लारा दत्ता का कहना है कि दोनों इसी साल शादी कर सकते हैं। लारा ने एक इंटरव्यू में बात करते हुए जब रणबीर और आलिया का जिक्र हुआ तो एक्ट्रेस ने कहा कि दोनों इस साल शादी कर लेंगे। मैं अपने आपको ओल्ड जेनरेशन का मानती हैं और उन्हें नहीं पता की नई पीढ़ी में कौन किसे डेट कर रहा है।

मैं कुछ जोड़ियों के बारे में जानती हूं और कुछ के बारे में मुझे नहीं पता कि वो साथ हैं या नहीं। जब एक्ट्रेस से रणबीर और आलिया के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है दोनों इस साल शादी कर लेंगे। बता दें रणबीर और आलिया के प्यार की शुरुआत फिल्म ब्रह्मास्त्र की शूटिंग से हुई थी। दोनों को एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम सपेंड करते देखा गया है। दोनों एक-दूसरे के परिवार के साथ भी समय बिताते नजर आते हैं। आलिया ने कभी शादी को लेकर साफ कुछ नहीं कहा। रणबीर ने एक इंटरव्यू में कहा था कि अगर कोरोना महामारी नहीं फैली होती तो वो अब तक शादी कर चुके होते।


### हिन्दी दैनिक बुलन्द भारत

**प्रेरणा स्रोत-**
**मरहूम हाजी शफीक़ मियां, सतीश कुमार आर्य वरिष्ठ पत्रकार आरटीआई एक्टिविस्ट, स्वर्गीय नरेंद्र देव आदित्य**
**संरक्षक-एम०ए०साबरी अलीग० एम० ईख्तियार अहमद मूर (पीपीएस नाभा), सूफी रफीक शाह साबरी**

प्रकाशक/मुद्रक- एम0एस0 रूमी 93195214411
प्रधान सम्पादक-सूरजभान बघेल 9454428221
सम्पादक- भरत सिंह पटेल
सह सम्पादक-देवेन्द्र कुमार मिश्रा
समाचार सम्पादक- एम सलीम रूमी
उप सम्पादक-ललित कुमार शर्मा
उप सम्पादक- अमलेश कुमार सिंह
एव सम्पादक- पंकज बघेल
मीडिया एंकर प्रभारी-सादिक हुसैन
लाईव एंकर, -सज्जाद सईद , एडिटर बरेली मिरर, प्रभारी सम्पादक - 'खबर बुलन्द भारत' मीडिया चैनल- कामरान अली
सह सम्पादक- वसीम खान, आफताब आलम

**मुद्रक स्वामी प्रकाशक मो. सलीम रुमी द्वारा हिंद प्रेस बड़ा बाजार बरेली से छपवा कर 359,भूड,बरेली,243001 उत्तर प्रदेश इंडिया से प्रकाशित किया सम्पादक-भरत सिंह पटेल**
**bulandbharatdaily@gmail.com**
**website-bulandbharatlivetv.com**

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र बरेली होगा**


## राखी सावंत ने बीच रोड पर दौड़ते हुए फेंका भाला, फैन्स बोले- अगले ओलिंपिक में यही जाएंगी



राखी सावंत, जिन्हें किसी-न-किसी बहाने सुर्खियों में बने रहने की आदत है, वे भी जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) में भारत के नीरज चोपड़ा द्वारा ओलंपिक में गोल्ड पदक लाए जाने के बाद इस खेल के जुनून में खुद को शामिल होने से रोक नहीं सकी हैं। तभी तो राखी सावंत ने बीच सड़क पर उतर कर नीरज चोपड़ा की ही स्टाइल में भाला फेंकने की कोशिश की है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। इतना ही नहीं, इस वीडियो पर उनके फैंस और देखने वाले तरह-तरह से प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। सोशल मीडिया में जो राखी सावंत का वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें यह देखा जा सकता है कि पिंक कलर की टॉप पहनी हुई राखी सावंत बीच सड़क पर दौड़ते हुए भाले के तौर पर एक डंडा फेंकती हैं। आसपास मौजूद लोगों से वे कहती हैं कि कोशिश तो की न मैंने। मैंने अच्छा फेंका न। एकदम कड़क फेंका न। इसके बाद वे जय हो और जय हिंद का नारा भी लगाती हैं। अंत में वे वापस अपनी गाड़ी में बाय बोलते हुए चली जाती हैं। उनके फैंस भी उन्हें बाय कहते हैं। राखी सावंत का यह वीडियो सोशल मीडिया में बहुत वायरल हो गया है। एक फैन ने लिखा है कि बहुत साफ दिल की है। बाकी नौटंकी क्वीन्स से बहुत बेहतर। एक और फैन ने लिखा है कि एकदम शुद्ध दिल की। झल्ली है, पर अच्छी है। वहीं कुछ फैन ने राखी सावंत को क्यूट बताया है, जबकि एक फैन ने तो लिख दिया है कि वे अगले 2024 के पेरिस ओलिंपिक में जाने वाली हैं। कुछ ने उन्हें ट्रोल करने की भी कोशिश की है, लेकिन यह तो मानना पड़ेगा कि राखी सावंत हमेशा अपने बिंदास अंदाज के साथ सामने आती हैं।

## अभिनेता अनुपम श्याम का गुर्दे की बीमारी के कारण निधन, प्रतिज्ञा में निभा रहे थे सज्जन सिंह का रोल

जाने-माने अभिनेता अनुपम श्याम का सोमवार को निधन हो गया। गुर्दे में संक्रमण के कारण उन्हें पिछले सप्ताह शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कई अंगों के काम करना बंद करने के बाद सोमवार को उनका निधन हो गया। अभिनेता के दोस्त यशपाल शर्मा ने यह



जानकारी दी। अभिनेता (63) इन दिनों धारावाहिक 'मन की आवाज -प्रतिज्ञा' में काम कर रहे थे। वह फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' और 'बैंडिट क्वीन' में भी नजर आ चुके हैं। श्याम के दोस्त एवं अभिनेता यशपाल शर्मा ने बताया कि वह पिछले चार दिन से उपनगर गोरगांव के 'लाइफलाइन अस्पताल' में भर्ती थे। उन्होंने अपने दो भाइयों अनुराग और कंचन की मौजूदगी में अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। शर्मा ने कहा, '' चिकित्सकों ने करीब 40 मिनट पहले ही हमें उनके निधन की जानकारी दी। मैं तब उनके भाइयों अनुराग और श्याम के साथ अस्पताल में ही था। उनका शव अब भी अस्पताल में ही है। शव को न्यू डिंडोशी,एमएचएडीए कॉलोनी स्थित उनके घर ले जाया जाएगा। उनका अंतिम संस्कार आज दिन में किया जाएगा।'' श्याम ने अपने तीन दशक लंबे करियर में 'सत्या', 'दिल से', 'लगान', 'हज़ारों ख़्वाहिशें ऐसी' जैसी कई फिल्मों में काम किया और 2009 में आए धारावाहिक 'मन की आवाज प्रतिज्ञा' में उनके ठाकुर सज्जन सिंह के किरदार को समीक्षकों की काफी सराहना भी मिली।

## दिशा पटानी ने कूल स्टाइल में अंग्रेजी गाने पर किया शानदार डांस



दिशा पटानी बॉलीवुड की एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो सबसे ज्यादा चर्चा में रहती हैं। दिशा के पोस्ट आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं। दिशा चाहे अपनी कोई फोटो डालें या फिर कोई डांस वीडियो, उनके चाहने वालों को सब पसंद आता है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे बड़े ही कूल अंदाज में डांस करते हुए दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में दिशा पटानी मस्टर्ड कलर का लूज हुड और पैंट पहनकर बड़े ही शानदार अंदाज में डांस कर रही हैं। दिशा पटानी ने अपने इस डांस वीडियो को इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इसमें दिशा का कूल अंदाज देखने को मिल रहा है, जो उनके फैन्स को भी खूब पसंद आ रहा है। दिशा ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा है-बस चिल कर रही हूं। दिशा ने महज कुछ देर पहले ही इस वीडियो को शेयर किया है और कुछ ही देर में इस पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। फैन्स के साथ-साथ सितारे भी वीडियो पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा है कि आपके वीडियो का कबसे इंतजार था। बता दें, वीडियो को अब तक साढ़े तीन लाख से भी ज्यादा व्यूज मिल गए हैं। दिशा पटानी को आखिरी बार सलमान खान के साथ फिल्म राधे में देखा गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल तो नहीं दिखा पाई थी, लेकिन दिशा की एक्टिंग को लोगों ने सराहा था। दिशा पर्सनल लाइफ में बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ को डेट कर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना जन्मदिन टाइगर श्रॉफ और उनके परिवार के साथ मनाया था, जिसकी कुछ तस्वीरें भी वायरल हुई थीं।